BATTERY ZONE
Deals in : All Types of Battery and Invertor
Mob. 9109013555
TATA green batteries
MICROTEK TECHNOLOGY WE LIVE
Opp. Majar, G.E. Road, Shastri Nagar, Bhilai (C.G.)

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22
सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी आभूषणों के विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

वर्ष- 14 अंक - 137 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, बुधवार 1 मार्च 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास खबर...



मध्यप्रदेश का बजट

## 12वीं की टॉपर छात्राओं को मिलेगी ई-स्कूटी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने आज विधानसभा में बजट पेश किया। यह शिवराज सरकार के चौथे कार्यकाल का अंतिम बजट है। बजट में महिलाओं, यूथ और किसानों पर स्पेशल फोकस किया गया है। खासकर महिलाओं के लिए शिवराज सरकार ने अपना खजाना खोल दिया है। महिलाओं के लिए अलग-अलग योजनाओं में 1.02 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान है।

स्टूडेंट्स को भी ध्यान में रखा गया है। फर्स्ट डिविजन से 12वीं पास करने वाली छात्राओं को ई-स्कूटी दी जाएगी। 1 लाख सरकारी नौकरियां दी जाएंगी। जनता पर कोई नया कर नहीं लगाया गया है। प्रदेश में 15 साल पुरानी गाड़ियां अब नहीं चल सकेंगी। अप्रैल से नीति लागू हो जाएगी। मध्यप्रदेश के तीर्थ स्थानों पर हेलिकॉप्टर सेवा शुरू की जाएगी।

यह बजट (2023-2024) 3 लाख 14 हजार 25 करोड़ रुपए का है। पिछले साल (2022-23) में बजट 2 लाख 79 हजार 697 करोड़ रुपए का था। बजट भाषण के दौरान वित्त मंत्री 1 घंटा 50 मिनट बोले। खास बात यह है कि मप्र में पहली बार ई-बजट (पेपरलेस) बजट आया। विपक्ष के हंगामे के बीच वित्त मंत्री ने इसे टैबलेट पर पढ़ा। मंत्रियों और विधायकों को भी टैबलेट दिए गए थे।

### कांग्रेस ने किया वॉक आउट

बजट भाषण के बीच गैस सिलेंडर लेकर पहुंचे कांग्रेस विधायकों ने सदन से वॉकआउट कर दिया। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा, वे कहते हैं कि महिलाओं को 1000 रुपए देंगे, लेकिन गैस सिलेंडर के दाम बढ़ा दिए। हंगामे पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कमलनाथ और नेता प्रतिपक्ष से अनुरोध करते हुए कहा, बजट भाषण पूरा प्रदेश सुनना चाहता है।

### छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र शुरू, पहले दिन हुआ राज्यपाल बिस्वा भूषण का अभिभाषण

# सरकार की योजनाओं को सराहा कल तक के लिए सदन स्थगित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के वजट सत्र की शुरुआत बुधवार को गई है। राज्यपाल बिस्वा भूषण हरिचंदन के अभिभाषण के साथ बजट सत्र की शुरुआत हुई। राज्यपाल ने 20 मिनट तक अपनी स्पीच दी। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार की योजनाओं की सराहना की। राज्यपाल ने प्रदेश सरकार की ओर से चलाए जा रहे राम वन गमन, आत्मानंद स्कूल और तुंहर सरकार तुहंर द्वार कार्यक्रम को सराहा। राज्यपाल के स्पीच के बाद सदन की कार्यवाही 2 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई। गुरुवार सुबह 11 बजे फिर से विधानसभा की कार्यवाही शुरू होगी।

बता दें छत्तीसगढ़ विधानसभा में बजट सत्र 1 मार्च से 24 मार्च तक चलेगा। इसमें कुल 14 बैठकें होगी। होली से पहले 6 मार्च को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने कार्यकाल का अंतिम पूर्ण बजट पेश करेंगे। इसके बाद होली की छुट्टी रहेगी। 7 से 12 मार्च तक विधानसभा की कार्रवाई स्थगित रहेगी। 13 मार्च से बजट सत्र की कार्यवाही फिर शुरू होगी। बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष स्पीकर डॉ चरणदास महंत ने बताया कि अब तक 1730 प्रश्न आ चुके हैं। जिसपर 13 से 22 मार्च तक चर्चा होगी। 57 ध्यानाकर्षण बिंदु भी आए हैं।



### ऑनलाइन पेश होगा बजट

प्रदेश में इस बार विधानसभा में ऑनलाइन बजट पेश किया जाएगा। छत्तीसगढ़ बनने के बाद 22 सालों में पहली बार ऐसा होगा कि विधायकों को मैनुअल बजट की कॉपी नहीं दी जाएगी, बल्कि उनकी टेबल पर ही मॉनिटर लगे होंगे। इसके पहले सभी विधायकों को इसे ऑपरेट करने की ट्रेनिंग भी दी जाएगी। इससे सरकार के खजाने में करोड़ों रुपए बचेंगे जो जनता की भलाई में व्यय किए जा सकेंगे। प्रदेश में इस बार यह चुनावी बजट होगा। इसमें जनता के लिए कई रियायतों और सुविधाओं का प्रावधान किया सकता है। माना जा रहा है कि यह अब तक का छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा बजट हो सकता है। पिछला बजट 1 लाख 12 हजार 603 करोड़ 40 लाख रुपए का था।

### एक साथ बैठे दिखे सिंहदेव और सीएम बघेल

सदन में चरणदास महंत आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दे रहे थे। इसी बीच सिंहदेव अपनी सीट से उठकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पास आकर बैठे। कुछ देर दोनों के बीच चर्चा होती रही इसके बाद सिंहदेव अपनी-अपनी जगह पर जाकर बैठ गए।

## लग्जरी कार से आकर जी-20 का गमला चुराने वाला गिरफ्तार

### पुलिस ने बरामद किए फ्लॉवर पॉट





**नईदिल्ली (एजेंसी)।** जी-20 सम्मेलन की तैयारी के लिए सड़क पर रखे गए गमले चुराने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए शख्स का नाम मनमोहन है। उसके पास से कार और चोरी के गमले बरामद कर लिए गए हैं। अब पुलिस उसके दूसरे साथी की पहचान करने के लिए मनमोहन से पूछताछ कर रही है। आरोपी मनमोहन गुरुग्राम के गांधी नगर इलाके का रहने वाला ह। जिस गाड़ी से गमले चुराए गए, उसकी नंबर प्लेट हरियाणा के हिसार की है। गाड़ी मनमोहन की पत्नी के नाम पर रजिस्टर्ड है।

शुरुआती जांच में सामने आया है कि मनमोहन और उसका एक साथी दिल्ली से गुरुग्राम लौट रहे थे। दोनों ने ही खूबसूरत फूलों के गमलों को देखकर अपनी गाड़ी रोक ली और गमले चोरी कर मौके से फरार हो गए। पूछताछ में सामने आया है कि उन्हें इस बात की बिल्कुल भी जानकारी नहीं थी कि कोई उनकी कारगुजारी का वीडियो रिकॉर्ड कर रहा है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें दो लोग गमले चुराते नजर आए। दो लोग गाड़ी को गमलों के पास रोकते हैं और कार में गमले रखकर फरार हो जाते हैं।

## नाबालिग चालक की लापरवाही, नहर में गिरी तेज रफ्तार कार, एयरबैग खुलने से बची बच्चों की जान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद।** बालोद-राजनांदगांव मुख्य मार्ग पर ग्राम तरौद के पास नौसिखिया नाबालिग ड्राइवर कार को नियंत्रित नहीं कर सका, जिसके कारण वो हादसे का शिकार होकर सूखे नहर में जा घुसी। कार में नाबालिग के साथ ही उसके 2 दोस्त भी सवार थे। एयर बैग खुलने से तीनों की जान किसी तरह बच पाई। मामला बालोद थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, मंगलवार को आमापारा का रहने वाला नाबालिग लड़का अपने दो दोस्तों के साथ पिता की कार लेकर निकल गया। वो कार को इधर-उधर सड़क पर मनमाने तरीके से चलाता रहा। कार की रफ्तार बेहद तेज थी। लोहारा मेन रोड पर कार की स्पीड 100 से ज्यादा हुई, तो कार अनियंत्रित होकर सीधे तरौद नहर नाले में जा घुसी। इसके बाद कार पलट गई। इस हादसे में एक बाइक सवार की जान भी जाते-जाते बची।



इधर कार का एयर बैग खुलने से तीनों नाबालिग सही-सलामत नहर से बाहर निकल आए। हालांकि उन्हें चोट लगी है, लेकिन कोई जनहानि नहीं हुई। इसके बाद फोन पर अपने कुछ दोस्तों को बुलाया। बालोद से पहुंचे नाबालिग के दोस्तों ने कार को सीधा किया और ट्रैक्टर में फंसाकर घर ले गए।

## इंदौर टेस्ट : 109 रन पर सिमटी भारत की पहली पारी कोहली ने सबसे ज्यादा 22 रन बनाए



**इंदौर (एजेंसी)।** भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट में टीम इंडिया की पहली पारी 109 रनों पर सिमट गई है। उसकी ओर से विराट कोहली ने सबसे ज्यादा 22 रन बनाए, जबकि शुभमन गिल ने 21 रन जोड़े। ऑस्ट्रेलियाई टीम की ओर से मैथ्यू कुहनेमन ने 5 विकेट चटकाए। जबकि नाथन लायन को 3 विकेट मिले।

टीम इंडिया का टॉप ऑर्डर इंदौर में भी फ्लॉप रहा। यहां कप्तान रोहित शर्मा 12 रन बनाकर आउट हुए, जबकि केएल राहुल की जगह टीम में शामिल किए गए शुभमन गिल 21 रन बना सके। चेतेश्वर पुजारा एक रन, रवींद्र जडेजा 4 रन बनाकर आउट हुए। श्रेयस अय्यर तो अपना खाता भी नहीं खोल सके।

### ऐसे गिरे विकेट

मैथ्यू कुहनेमन के छठे ओवर की आखिरी बॉल को रोहित शर्मा को एलेक्स कैरी ने उन्हें स्टंप आउट किया। इसके बाद मैथ्यू कुहनेमन की बॉल गिल गिल कीपर को कैच दे बैठे। नौवें ओवर में नाथन लायन ने चेतेश्वर पुजारा को क्लीन बोल्ड कर दिया। नाथन लायन की बॉल पर कुहनेमन ने जडेजा को शार्ट एक्स्ट्रा कवर में कैच किया। विराट कोहली टॉड मर्फी की बॉल पर एलबीडब्ल्यू हो गए। 26वें ओवर की आखिरी बॉल पर नाथन लायन ने श्रीकर भरत को आउट किया। इसके बाद अश्विन, उमेश यादव मोहम्मद सिराज आउट हो गए।

## 50 वें जन्मदिन पर सचिन तेंदुलकर को खास तोहफा, वानखेड़े में लगेगा स्टैच्यू

**मुंबई (एजेंसी)।** क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर को 50वें जन्मदिन पर खास तोहफा मिलने वाला है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में उनका स्टैच्यू लगाया जाएगा। सचिन के संन्यास के 10 साल बाद उन्हें यह खास सम्मान मिल रहा है। सचिन ने अपने करियर का आखिरी मैच इसी मैदान पर खेला था और यहीं उन्होंने अपने करियर की शुरुआत की थी। सचिन के स्टैच्यू का अनावरण 23 अप्रैल को उनके 50वें जन्मदिन या इसी साल होने वाले वनडे विश्व कप के दौरान हो सकता है।

सचिन का स्टैच्यू कहां लगाया जाएगा यह खुद सचिन ने ही तय किया है। इसके लिए वह पत्नी अंजली के साथ मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पहुंचे। सचिन ने अपने स्टैच्यू को लेकर कहा कि यह उनके लिए सुखद तोहफा है। उन्हें इस बारे में कोई अंदाजा नहीं था और वह खुद स्टैच्यू की बात सुनकर हैरान हैं। सचिन ने बताया कि इसी मैदान पर उनका करियर शुरू हुआ और कई कभी न भूलने वाली यादें उन्हें मिलीं। उनके करियर का सबसे सुखद लम्हा साल 2011 में आया, जब टीम इंडिया ने विश्व कप अपने नाम किया। सचिन ने यह भी बताया कि उनके कोच रमाकांत आचरेकर ने इसी मैदान पर क्रिकेट के प्रति उनके अंदर अलग रुचि जगाई थी और वह इस खेल में अपना करियर बनाने के लिए तन मन से जुट गए थे। इसी वजह से यह मैदान उनके लिए खास है और यहां पर स्टेच्यू लगना बड़ी बात है।



### क्लब हाउस के सामने लगेगा स्टैच्यू

सचिन ने बताया कि उनका स्टैच्यू क्लब हाउस के ठीक सामने लगाया जाएगा। वह जगह काफी साफसुथरी है और जब लोग मैच देखने के लिए आएंगे और जाएंगे तो वह स्टैच्यू के पास से गुजरेंगे। इसी वजह से उसे क्लब हाउस के सामने लगाया जाएगा। इसके साथ ही सचिन ने इस मैदान से जुड़ी अपनी यादें साझा करते हुए कहा कि अंडर-15 के पहले मैच से लेकर पहले रणजी मैच और भारत के लिए आखिरी मैच तक सभी अहम मुकाबले उन्होंने इसी मैदान पर खेले।

वानखेड़े के स्टेडियम में पहली बार किसी खिलाड़ी का स्टैच्यू लगाया जा रहा है। वानखेड़े स्टेडियम में पहले से ही सचिन के नाम का एक स्टैंड है। भारत के लिए 200 टेस्ट, 463 वनडे और एक टी 20 खेलने वाले सचिन खुद अपने स्टैच्यू का अनावरण करेंगे। उनके जन्मदिन के लिए यह खास तोहफा है।

## कैलाशपुर में बाघ ने किया जंगली सूअर का शिकार, क्षेत्र में दहशत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**वाड्रफनगर।** बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर से लगे कैलाशपुर जंगल में ग्रामीणों ने बाघ विचरण करते देखा। इसकी जानकारी लगते ही पूरे क्षेत्र में दहशत की स्थिति निर्मित हो गई। बाघ की दहाड़ से पूरा क्षेत्र थर्रा उठा। कुछ ग्रामीण नजदीक से बाघ को देखने पहुंचने लगे तो किसी तरह उन्हें समझाइश देकर रोका गया। वन विभाग व पुलिस टीम ने ग्रामीणों को सतर्क रहने कहा है।

वहीं अंबिकापुर-बनारस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को भी सुरक्षित तरीके से निकाला जा रहा है। राहगीरों को समझाइश भी दी जा रही है। सूरजपुर जिले के बिहारपुर क्षेत्र में बाघ पहुंचने की खबर के बाद अब बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर क्षेत्र में बाघ को विचरण करते ग्रामीणों ने देखा। बताया गया कि वाड्रफनगर के ग्राम मोरन व खरहरा नाला के बीच कैलाशपुर जंगल में बाघ ने एक जंगली सूअर का शिकार भी किया है। सुबह जंगल की ओर गए ग्रामीणों ने बाघ देखा था औरपूरे क्षेत्र में यह खबर फैल गई।

## पॉक्सों में गिरफ्तार होने लगे माननीय शिक्षक

श्रीकंचनपथ





विश्वगुरू भारत में गुरूजियों का हाल बेहाल है। एक के बाद एक धड़ाधड़ उनकी गिरफ्तारी पॉक्सो एक्ट के तहत हो रही है। कोई निलंबित हो रहा है तो कोई बर्खास्त हो रहा है। इन शिक्षकों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे समूह में कुकृत्य करने लगे हैं। पढ़ने-पढ़ाने का शौक तो उन्हें कभी वैसे भी नहीं था। वे तो डिग्री और सर्टिफिकेट के भरोसे यहां नौकरी कर अपना और परिवार का पेट पालने आए थे। इनमें से कोई प्रायमरी मिडिल के बच्चों को द्विअर्थी चुटकुला सुना रहा है, कोई मोबाइल पर पोर्न दिखा रहा है तो कोई उनसे मालिश करवा रहा है। पिछले कुछ महीनों में इस तरह की इतनी घटनाएं सामने आई हैं कि गुरुजियों की अपनी साख दांव पर लग गई है। कबीरधाम जिले के पिपरिया थानांतर्गत एक स्कूल का गुरुजी अपनी एक छात्रा के साथ व्हाट्सअप पर अश्लील चैटिंग करता पाया गया। मंदिर हसौद पुलिस ने शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला के एक शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया। वह छात्राओं के साथ अश्लील हरकतें करता था। जशपुर जिले के गंझियाडीह शासकीय उमा विद्यालय का एक गुरुजी परीक्षा में नंबर बढ़वाने के लिए शारीरिक संबंध बनाने की मांग करता था तो वहीं दुलदुला के एक शिक्षक ने 10वीं की छात्रा को प्रपोज किया था। बस्तर ब्लाक के दो शिक्षक शराब में धुत होकर स्कूल पहुंचते थे और छात्रों के साथ बदसलूकी करते थे। कवर्धा विकासखंड की जैतपुरी शाला के प्रधान पाठक पांचवी की छात्रा के साथ अश्लील वीडियो चैट करते थे. स्कूल के एक शिक्षक को इसकी खबर थी पर उसने इसकी शिकायत नहीं की। दोनों को पॉक्सो और आईटी एक्ट की धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है। बालोद जिले के मोखा हाईस्कूल के एक व्याख्याता पर छात्राओं से छेड़छाड़ करने और आपत्तिजनक हरकतों का आरोप था। पहले उसका तबादला किया गया पर शिकायतें जारी रहने पर उसे निलंबित कर दिया गया। ताजा मामला महासमुंद जिले का है. ऐतिहासिक कोमाखान की प्राथमिक शाला का एक और माध्यमिक शाला के दो शिक्षकों को पाक्सो और आईटी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। उनपर छात्राओं से अश्लील बातें करने, भद्दे इशारे करने, मालिश करवाने और मोबाइल पर पोर्नोग्राफिक कंटेंट दिखाने के आरोप हैं। हम नहीं कहते कि सभी गुरुजी इसी तरह के हैं। आज भी ऐसे गुरुजियों की कमी नहीं है जिनके पांव छूकर बच्चे स्वयं को धन्य मानते हैं। ऐसे गुरुजियों की भी कोई कमी नहीं जो बिना कोई ट्यूशन फीस लिये बच्चों को अतिरिक्त समय देकर पढ़ाते हैं. इनमें से कई ऐसे हैं जिन्होंने अभावग्रस्त परिवारों के बच्चों को आशातीत सफलता दिलवाई है. पर कहते हैं कि एक सड़ा हुआ फल पूरी टोकरी के फलों को सड़ा देता है। यदि इस कलंक से बचना चाहते हैं तो स्वयं गुरुजियों को ही आगे आना होगा और स्कूल परिसर में घट रही ऐसी बेहूदा हरकतों को रोकने के प्रयास करने होंगे।

हर्ष मीडिया एडवरटाईजर्स के
बढ़ते कदम....
LED SCREEN
के माध्यम से प्रचार-प्रसार के लिए
संपर्क करे
शॉप-12, प्रेस परिसर, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
शहीद भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)
अब राजधानी रायपुर सहित
पूरे प्रदेश में....
- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- जयस्तंभ चौक, सिन्धु सदन, किरण होटल, रायपुर, जिला-रायपुर
- संदेश बन्धु बिल्डिंग परिसर, वीआईपी चौक मोड, वार्ड क्रमांक-51, तेलीबांधा, रायपुर, जिला-रायपुर
- पचपेड़ी नाका चौक, रायपुर, जिला-रायपुर
- मिलन स्वीट्स, रेलवे स्टेशन चौक, रायपुर
- नेशनल हाईवे-53, पावर हाउस रेलवे स्टेशन, भिलाई, जिला-दुर्ग
- पाटन पुल,उतई (मा. मुख्यमंत्री विधानसभा क्षेत्र), जिला-दुर्ग
- आकाशगंगा चौपाटी, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
- सिरसा गेट चौक, भिलाई-3, जिला दुर्ग
- अग्रसेन चौक, बिलासपुर, जिला - बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, टिकट काउंटर के सामने, गेट नं.-03, बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, प्लेटफॉर्म नं.-01, गेट नं.-04, बिलासपुर
- पड़ाव चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली
- दाऊपारा चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली
Harsh Media Advertisers
Contact_-
9303289950
9131425618
9827806026



## संपादकीय

### दबाव में दिल

दिल का दौरा पड़ने की घटनाओं के वीडियो जिस तरह हर दूसरे-तीसरे दिन सोशल मीडिया में वायरल हो रहे हैं, वे न सिर्फ चिंता बढ़ाने वाले हैं, बल्कि सरकार व स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े लोगों के गहन अध्ययन की जरूरत को भी रेखांकित करते हैं। नांदेड़ से जिस युवक का नाचते हुए मरने का वीडियो सामने आया है, वह तो महज 19 साल का दुबला-पतला युवक था। इस घटना के ठीक तीन दिन पहले ही हैदराबाद में 24 साल के एक कांस्टेबल की मृत्यु जिम में कसरत करते हुई थी। कहीं कोई चलते-चलते लुढ़क जा रहा, तो कोई किशोर क्रिकेट खेलते-खेलते खत्म हो जा रहा है, और कहीं शादी का मंडप देखते-देखते मातमी विलाप की जगह में तब्दील हो जा रहा। ऐसा नहीं कि ऐसी घटनाएं पहले कभी न हुई हों, मगर 40 साल से कम उम्र के लोगों में हार्ट अटैक की घटनाएं जिस तेजी से सामने आ रही हैं, उनको गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। इंडियन हार्ट एसोसिएशन (आईएचए) ने भी यह माना है कि नौजवानों में दिल का दौरा पड़ने की घटनाएं बढ़ रही हैं। आईएचए का आकलन है कि भारतीय नौजवानों में डायबिटीज की बीमारी जिस तरह से बढ़ रही है, अगर इसके प्रति लोगों में जागरूकता नहीं पैदा की गई, तो अगले ढाई दशक में 13 करोड़ से ज्यादा हिन्दुस्तानी इसकी जद में होंगे और इससे देश में तरह-तरह के रोगों की चुनौतियां बढ़ेंगी। बताने की जरूरत नहीं कि दिल संबंधी रोगों की एक बड़ी वजह डायबिटीज है। हार्ट अटैक की हालिया घटनाओं में एक गौर करने वाला पहलू यह भी है कि डांस करते, क्रिकेट खेलते या जिम में पसीना बहाते लोगों की मौत खराब जीवन शैली की धारणा के उलट है। फिर, देश में पहले के मुकाबले लोगों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ी ही है और चिकित्सकीय सुविधाएं भी सुधरी हैं। इसलिए इन मौतों को लेकर गंभीर पड़ताल होनी चाहिए। डब्ल्यूएचओ की पूर्व मुख्य वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन ने कहा है कि कोविड संक्रमण के बाद हार्ट अटैक का जोखिम चार से पांच प्रतिशत तक बढ़ जाता है। इसलिए इसकी प्रामाणिक जांच होनी चाहिए कि इन मौतों में कोविड संक्रमण या इसकी वैक्सीन की कोई भूमिका तो नहीं? चूंकि हार्ट अटैक की घटनाएं भारत ही नहीं, दुनिया भर में बढ़ी हैं, इसलिए भी आशंकाएं गहराती हैं। वैसे, यह एक स्थापित तथ्य है कि बदलता मौसम तरह-तरह की व्याधियों की वजह बनता रहा है। सर्दियों में हृदयाघात की घटनाएं अधिक होती हैं। भारतीय मौसम विभाग ने भविष्यवाणी की है कि इस साल मार्च से मई तक काफी गरमी पड़ेगी। फरवरी ने इसका एहसास करा दिया है। ऐसे में, गृह मंत्रालय ने लोगों को यह सलाह जारी की है कि इन गरमियों में वे धूप से भरसक बचें, खूब पानी पिएं और ढीले कपड़ों का इस्तेमाल करें। निस्संदेह, एहतियात से बेहतर कोई इलाज नहीं व सरकारी दिशा-निर्देशों को लोगों को गंभीरता से लेना चाहिए। खासकर पहले से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे लोगों के लिए ये सुझाव बहुत उपयोगी हैं। मगर सरकार को शासन के निचले स्तर से जागरूकता की पहल करनी चाहिए। महामारी के दौरान हमने स्थानीय प्रशासन की मुस्तैदी के सुखद नतीजे देखे हैं। कमउम्र लोगों में हार्ट अटैक की बढ़ती घटनाओं के बीच नौजवानों को खासकर आगाह किए जाने की जरूरत है कि हृदय और फेफड़े की सेहत के मद्देनजर वे धूम्रपान या नशा से परहेज बरतें।

“फरवरी ने इसका एहसास करा दिया है। ऐसे में, गृह मंत्रालय ने लोगों को यह सलाह जारी की है कि इन गरमियों में वे धूप से भरसक बचें, खूब पानी पिएं और ढीले कपड़ों का इस्तेमाल करें। निस्संदेह, एहतियात से बेहतर कोई इलाज नहीं व सरकारी दिशा-निर्देशों को लोगों को गंभीरता से लेना चाहिए।

## अडानी और जेपीसी

भारत की आजादी के 75 सालों में सिर्फ आठ बार संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का गठन करना पड़ा है। वैसे विभिन्न मंत्रालयों की संसदीय स्थायी समितियों की व्यवस्था भी है। उनमें भी कई राजनीतिक दलों के सांसद होते हैं और सबसे वरिष्ठ सांसद को समिति का अध्यक्ष तय किया जाता है। स्थायी समितियां भी मंत्रालयों के भीतर की गतिविधियों और मंत्रालय से जुड़े विषयों का अध्ययन करती हैं और सरकार को सचेत करते हुए सुझाव भी देती हैं। संयुक्त संसदीय समिति किसी अपराध या घोटाले की साझा जांच करती है। जांच के दौरान वह देश के प्रधानमंत्री को भी तलब कर सकती है। यह एक अदालत का भी विशेषाधिकार है। प्रधानमंत्री रहते हुए पीवी नरसिंह राव को एक कथित आपराधिक मामले में अदालत ने अभियुक्त घोषित किया था। बहरहाल ताज़ातरीन संदर्भ अडानी समूह की कंपनियों के बही-खातों में कथित हेराफेरी, फर्जी और बेनामी कंपनियों के निवेश और प्रधानमंत्री मोदी की भूमिका से जुड़ा है। अभी तक कोई आपराधिक केस दर्ज नहीं किया गया है। देश की स्वायत्त नियामक एजेंसियों ने भी किसी तरह के घोटाले की ओर संकेत नहीं किया है, लेकिन कांग्रेस समेत विपक्ष का एक तबका लगातार जेपीसी की मांग कर रहा है। क्या एक विदेशी, जालसाज, सटोरिया कंपनी की रपट पर जेपीसी का गठन करना मुनासिब है? यह यक्ष प्रश्न हमारी व्यवस्था और देश के सामने मौजूद है। दिवंगत प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कार्यकाल के दौरान बोफोर्स तोप घोटाले और कथित दलाली के आरोप लगे थे। हालांकि एक विदेशी रेडियो ने अपनी ख़बर में यह खुलासा किया था, लेकिन तत्कालीन वित्त मंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह और कुछ अन्य नेताओं ने प्रधानमंत्री के खिलाफ बगावत की थी और यह मुद्दा उठाया था। इंडियन एक्सप्रेस और हिंदू सरीखे प्रतिष्ठित अखबारों ने भी रपटें छापी थीं, नतीजतन पहली बार अगस्त, 1987 में जेपीसी का गठन किया गया। दूसरी बार 1992 में हर्षद मेहता, केतन पारिख वाले बैंकिंग लेन-देन की अनियमितताओं पर जेपीसी गठित की गई। 2001 में स्टॉक मार्केट घोटाले के मद्देनजर जेपीसी की जांच कराई गई। एक निजी संगठन के अनुसंधान पर आधारित सॉफ्ट ड्रिंक्स और अन्य पेय पदार्थों में कीटनाशक के मामले में 2003 में जेपीसी का गठन करना पड़ा। कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के दौरान 2जी स्पेक्ट्रम घोटाले और 12 वीवीआईपी हेलीकॉप्टर खरीद मामले में 2011 में जेपीसी बिटाई गई। यह दीगर है कि अदालत ने 2जी का मामला ही खारिज कर दिया। अगस्ता वेस्टलैंड कंपनी के साथ हेलीकॉप्टर करार की जांच अब भी जारी है। उसके बाद मोदी सरकार के दौरान 2015 में भूमि अधिग्रहण पुनर्वास बिल और 2016 में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर के मामलों में जेपीसी का गठन किया गया। सभी जेपीसी जांचों के बावजूद ऐसा कोई ठोस और प्रत्यक्ष फैसला या निष्कर्ष सामने नहीं आया, जो भारत सरकार के खिलाफ हो अथवा हमारी स्थापित व्यवस्था को बदल सके। अधिकांश जांचें बेनतीजा ही रहीं। दरअसल जेपीसी राजनीतिक ज्यादा होती है। जिस तरह बोफोर्स घोटाले का दुष्प्रचार किया गया और चुनाव में राजीव गांधी सरकार और कांग्रेस पराजित हो गई, लेकिन बाद में अदालत का फैसला आया कि कोई घोटाला नहीं हुआ। इसी तरह पेगासस जासूसी कांड पर कांग्रेस ने संसद की कार्यवाही को लगातार बाधित किया।

**अजय दीक्षित**

“ रायपुर अधिवेशन में कांग्रेस कार्यसमिति और एआईसीसी सदस्यों की संख्या बढ़ाने के अलावा अनुसूचित जाति-जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिलाओं, अल्पसंख्यकों और युवाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण संबंधी संशोधन भी पार्टी संविधान में किए गए। इन्हें ऐतिहासिक करार देते हुए शोर किया गया, पर उदयपुर चिंतन शिविर के 'एक व्यक्ति-एक पद' तथा संगठन में 50 वर्ष से कम आयु वालों को वरीयता देने जैसे फैसलों पर अभी तक अमल न होने को नजरंदाज कर दिया गया।

# रायपुर में मध्य मार्ग पकड़ने पर बनी राय

राज कुमार सिंह, वरिष्ठ पत्रकार




आठ दशक बाद पूर्ण अधिवेशन के लिए मध्य भारत लौटी कांग्रेस ने सत्ता-संघर्ष का मध्य मार्ग चुना है। उसने आह्वान भले ही केंद्र और अधिकांश राज्यों में सत्तारूढ़ भाजपा से मुकाबले का किया हो, मगर राह पहले खुद को सुरक्षित रखने की चुनी है। देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस अपने इतिहास के सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। दशकों तक देश पर एकछत्र शासन करने वाली यह पार्टी दो बार से लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष का दर्जा पाने लायक सीटें भी नहीं जीत पा रही है। उम्मीद थी कि रायपुर अधिवेशन में कांग्रेस सच का सामना करेगी और कुछ कड़े फैसले होंगे। इस उम्मीद के मूल में अरसे बाद नेहरू-गांधी परिवार के बाहर से मल्लिकार्जुन खड़गे का कांग्रेस अध्यक्ष निर्वाचित होना भी था और राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' भी। फैसले तो कांग्रेस ने लिए, पर चुनौतियों से सीधे टकराने के बजाय सत्ता-संघर्ष का सुरक्षित मध्य मार्ग चुना है।

पिछले कुछ महीनों में कांग्रेस ने इस बात के लिए अपनी पीठ खुद थपथपाने में कसर नहीं छोड़ी कि वह अकेली राजनीतिक पार्टी है, जिसने अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष बाकायदा चुनाव के जरिये चुना है। इससे नया माहौल बना, पर अब बड़ा सवाल यह है कि आंतरिक लोकतंत्र व संगठनात्मक चुनाव की नैतिक बढ़त को कांग्रेस ने रायपुर में क्यों गंवा दिया? कार्यसमिति के लिए चुनाव के बजाय वह मनोनयन की राह पर क्यों लौट गई? बेशक, पिछले कुछ दशकों से आम राय की राह पर कांग्रेस चलती रही है, मगर संगठनात्मक दुर्बलता के लिए इसे जिम्मेदार मानने वाले भी कम नहीं हैं।

रायपुर अधिवेशन में कांग्रेस कार्यसमिति और एआईसीसी सदस्यों की संख्या बढ़ाने के अलावा अनुसूचित जाति-जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिलाओं, अल्पसंख्यकों और युवाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण संबंधी संशोधन भी पार्टी संविधान में किए गए। इन्हें ऐतिहासिक करार देते हुए शोर किया गया, पर उदयपुर चिंतन शिविर के 'एक व्यक्ति-एक पद' तथा संगठन में 50 वर्ष से कम आयु वालों को वरीयता देने जैसे फैसलों पर अभी तक अमल न होने को नजरंदाज कर दिया गया। खड़गे ने जो समितियां बनाई हैं, उनमें युवाओं की हिस्सेदारी क्या है?

अभी कांग्रेस के लिए एक बड़ा संकट क्षेत्रीय नेताओं की महत्वाकांक्षा और उससे उपजी गुटबाजी है। उससे भी सीधे निपटने के बजाय पार्टी अभी सबको खुश रखने की कोशिश कर रही है। विभिन्न गुटों के बीच संतुलन में कोई बुराई नहीं। यही राजनीतिक कला अरसे तक कांग्रेस की ताकत भी रही है, पर अब हालात बदल चुके हैं। ऐसे में, सख्ती और संतुलन, दोनों ही बहुत आसान नहीं, पर आत्मघाती अंतर्कलह के खतरे से मुंह चुराना समस्या का समाधान नहीं है। अगले साल लोकसभा चुनाव में मोदी की भाजपा को कड़ी चुनौती देने के मुद्दे पर कांग्रेस ने समान विचारधारा वाले दलों से एकजुटता का आह्वान करने भर से ज्यादा अपने पत्ते नहीं खोले हैं। यह खुला रहस्य है कि बिना व्यापक विपक्षी गठबंधन के भाजपा का मुकाबला मुमकिन नहीं है। विपक्षी गठबंधन को मुमकिन बनाने के लिए कांग्रेस को ज्यादा सक्रिय होना चाहिए।

विपक्षी दलों को भी गौर करना चाहिए, आज भी देश में सबसे बड़ा विपक्षी दल कांग्रेस है। इस बुरे वक्त में भी उसके लोकसभा में 52, राज्यसभा में 31 सांसद हैं और देश में उसके विधायकों की संख्या 771 है। न सिर्फ तीन राज्यों में उसकी अपनी सरकार है, बल्कि तीन राज्यों- बिहार, झारखंड और तमिलनाडु में वह सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा है। देश का शायद ही कोई क्षेत्र होगा, जहां कांग्रेस का संगठन न हो। इसके बावजूद तृणमूल कांग्रेस, सपा, आप और भारत राष्ट्र समिति जैसे कई दलों को उसका नेतृत्व तो दूर, साथ भी गवारा नहीं। फिर कांग्रेस विपक्ष को एकजुट कैसे करेगी? रायपुर में इसका जवाब तो नहीं दिया गया, पर मौन में भी उसकी रणनीति खोजी जा सकती है।

इस साल नौ राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, जिनमें से चार- कर्नाटक, राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस-भाजपा के बीच सीधा मुकाबला होगा। पिछले चुनाव में कांग्रेस ने कर्नाटक में भाजपा को बहुमत से वंचित कर दिया था, तो शेष तीन राज्यों की सत्ता उससे छीन भी ली थी। यह अलग बात है कि नाटकीय घटनाक्रम के बाद कर्नाटक और मध्य प्रदेश में आज भाजपा ही सत्तारूढ़ है। पिछले दिनों भाजपा से हिमाचल प्रदेश की सत्ता छीन चुकी कांग्रेस अगर इन चार राज्यों में जीत का चमत्कार कर पाती है, तो विपक्षी गठबंधन की अगुवाई के लिए उसके रास्ते अपने आप खुल जाएंगे। साथ ही, राहुल गांधी की राजनीतिक संभावनाएं भी बनी रहेंगी, जो कांग्रेस के स्वाभाविक नेता हैं। शायद इसीलिए रायपुर में विपक्षी एकता की पहल के बजाय एकजुटता के आह्वान का सुरक्षित मध्य मार्ग चुना गया है।

कांग्रेस अतीत में चार बार केंद्रीय सत्ता से बेदखल हो चुकी है- आपातकाल के बाद 1977 में, बोफोर्स के बवंडर में 1989 में, राव सरकार के बाद 1996 में और चौथी बार नरेंद्र मोदी नाम की लहर से। 1980 और 1991 में कांग्रेस की वापसी का मार्ग उसी जनता पार्टी और जनता दल में फूट से जल्दी ही प्रशस्त हुआ था, जिन्होंने उससे सत्ता छीनी थी। हालांकि, सत्ता से कांग्रेस का तीसरा वनवास लंबा चला। वजह यह कि पहले दो गैर-कांग्रेसी प्रयोगों में भागीदार रही भाजपा खुद एक बड़ी पार्टी बन चुकी थी। 1996 में 13 दिन की सरकार से सबक लेकर अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा ने क्षेत्रीय दलों के साथ गठबंधन का प्रयोग सफलतापूर्वक किया, लेकिन उसकी काट भी कांग्रेस ने अंततः 2003 के शिमला चिंतन शिविर में खोज ली। सोनिया गांधी की अध्यक्षता में हुए उस शिविर में कांग्रेस ने मनरेगा, शिक्षा का अधिकार और खाद्य सुरक्षा जैसे वायदों से सामाजिक समीकरण साधा, तो क्षेत्रीय दलों के साथ संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन बनाकर राजनीतिक गणित भी बिठाया।

साल 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस उदयपुर में सोनिया गांधी की अध्यक्षता में चिंतन शिविर कर चुकी है, तो अब खड़गे की अध्यक्षता में रायपुर में अधिवेशन हुआ है। दोनों में ही संगठनात्मक सुधार समेत ऐसे फैसले लिए गए हैं, जो सामाजिक-राजनीतिक समीकरण बदल सकते हैं, मगर जमीन पर पंजा किस मजबूती से जमता है, यह देखना शेष है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# भारत पर ठीकरा फोड़ने की नेपाल की पुरानी आदत

पुष्परंजन, वरिष्ठ पत्रकार

इसी साल 17 जनवरी को बिमला राई पौडेल को नेपाल का विदेश मंत्री बनाया गया था। वह महज 42 दिन पद पर रह पाईं। सोमवार को इस्तीफे से पहले उन्होंने जो बयान दिया, वह काफी मानीखेज है। उन्होंने प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' पर आरोप लगाया कि वह विदेशी हस्तियों को बुलाकर अपने ही देश को अस्थिर कर रहे हैं। बिमला राई का कहना था कि पिछले दिनों भारतीय विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा काठमांडू आए थे, अपने समकक्ष भरत राज पौडयाल की जानिब से दर्जन भर राजनीतिक बैठकें कीं। अमेरिकी विदेश उप-मंत्री विक्टोरिया नूलैंड, साउथ ऐंड सेंट्रल एशियन अफेयर्स के अमेरिकी उप-विदेश मंत्री आफरीन अख्तर, यूएस-एड की प्रशासक समांथा पावर काठमांडू आए, प्रधानमंत्री समेत कई नेताओं और नौकरशाहों से मिले। इनकी गतिविधियां बताती हैं कि भारत और अमेरिका, नेपाल पर लगातार दबाव बना रहे थे।

बिमला राई पौडेल का आरोप है कि विदेशी प्रतिनिधिमंडल के नेपाल में आने और उनके मूवमेंट की जो आचार-संहिता निर्धारित की गई थी, उसकी धज्जियां उड़ाई गईं। कैबिनेट ने एक प्रस्ताव के जरिये अनिवार्य किया था कि जब विदेशी शिष्टमंडल नेपाली नेताओं व नौकरशाहों से मिले, उस समय विदेश मंत्रालय के किसी प्रतिनिधि को अनिवार्य रूप से मौजूद रहना होगा। मगर अमेरिकी व भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने जो मेल-मुलाकात शिखर नेताओं से किए, उसके बारे में स्वयं मुझे कोई जानकारी नहीं मिली। नेकपा-एमाले के उप महासचिव व पूर्व विदेश मंत्री प्रदीप ज्ञावाली ने बयान दिया कि हमारी पार्टी 'बिन बुलाए विदेशी मेहमानों' को लेकर चिंता में थी। हमारी प्राथमिकता यह नहीं थी कि तिब्बतियों के धार्मिक अधिकार के सवाल पर अमेरिकी आएं, और हमें सुरक्षा



संबंधी निर्देश दें। 'भारत के विदेश सचिव नेपाल पधारे, यहां तक तो ठीक है, मगर विभिन्न पार्टियों के नेताओं से मिलने का उनका जो ढब था, वह पर-राष्ट्र नीति के अनुकूल नहीं था।'

जाहिर है, जब भी नेपाल में सत्ता हाथ से निकलती है, प्रभावित नेता आरोपों के गोले दिल्ली पर दागना शुरू कर देते हैं। ओली और उनकी पार्टी नेकपा-एमाले के नेता पहले भी इस तरह का बयान दे चुके हैं। 4 अगस्त, 2016 को खड्ग प्रसाद शर्मा 'ओली' ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देते समय भारत पर ठीकरा फोड़ा था। 15 फरवरी, 2018 को ओली एक बार फिर सत्ता में आए और 13 जुलाई, 2021 को जब उनकी कुरसी गई, तो कीचड़ भारत पर उछाल दिया। नेपाली कम्युनिस्टों की चीन के प्रति अंधभक्ति गजब की है। वे कभी मानने को तैयार नहीं होते कि नेपाल के अंदरूनी मामलों में चीन खुलेआम हस्तक्षेप करता है। सितंबर 2022 के दूसरे हफ्ते में चीनी पीपुल्स कांग्रेस स्टैंडिंग कमेटी के नेता ली चानशू 67 सदस्यीय शिष्टमंडल के साथ नेपाल आए, जबकि 20 नवंबर, 2022 को नेपाल में आम चुनाव था। चीन के पर्यटन व संस्कृति महकमे के सहायक मंत्री ली छून भी चुनाव से सप्ताह भर पहले पांच दिवसीय यात्रा पर काठमांडू पधारे, जबकि विदेश मंत्रालय के जरिये आग्रह किया गया था कि आप चुनाव बाद नेपाल आएं। क्या किसी एमाले नेता ने कहा कि ली छून 'बिन बुलाए मेहमान' हैं? वर्तमान राजदूत चेन सोंग चीनी विदेश मंत्रालय में नेपाल मामले के रणनीतिकार रहे थे। ओली के लिए यह सब नेपाल के अंदरूनी मामलों में दखल नहीं था।

ओली दो हफ्ते पहले ही भारत पर दखल देने का आरोप लगा चुके थे, तभी लग गया था कि उनको चैन से रहना नहीं आता। ओली के दो कालखंडों में भारत-नेपाल संबंध सुखद नहीं रहे। छह लाख से अधिक भारतीयों के हितों पर ओली की सोच वाले लोगों ने कुठाराधात ही किया था। नेपाली कांग्रेस के शेर बहादुर देउबा के आने के बाद विश्वास बहाली की शुरुआत नए सिरे से हुई थी। नेपाल में कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का सर्वाधिक 30 फीसदी हिस्सा भारत से आता है। भारतीय सहकार से वहां 523 उच्च प्रभाव वाली विकास परियोजनाएं चलाई जा रही थीं। ओली की अड़ंगेबाजी के बावजूद 461 परियोजनाएं पूरी हुईं। वामपंथियों को भी इन्फ्रास्ट्रक्चर में मदद चाहिए, धन चाहिए, पर दिल्ली से कोई जाए, तो अंदरूनी मामले में दखल हो जाता है!

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# गठबंधन की खुलती गांठों से निस्तेज प्रचंड

पुष्परंजन

केवल 64 दिन की गठबंधन सरकार। चट ब्याह, पट तलाक। हनीमून मनाने तक का अवसर नहीं मिला। ऐसा राजनीतिक गठबंधन, जिसकी गांठें, सही से बंधी नहीं थीं। ढीली हुईं और एक-एक करके खुलती चली गईं। सात पार्टियों के गठबंधन में से तीन पार्टियां बाहर हो चुकी हैं। 14 सांसदों वाली राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी ने शनिवार को नाता तोड़ लिया था। 19 सभासदों वाली राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने फरवरी के पहले हफ्ते ही प्रचंड को बाय-बाय बोल दिया था। गठबंधन में सबसे बड़ी नेकपा-एमाले के 79 सांसदों के बूते प्रचंड बहुमत सरकार का दम भरते थे, सोमवार को धड़ाम से ज़मीन पर आ चुके थे। अब उन्हें सत्ता में रहने के वास्ते नेपाली कांग्रेस का सहारा है। गुरुवार शाम को ही तय हो गया था कि ओली से यारी नहीं करनी।

मंगल-बुधवार तक 16 मंत्री पदों की घोषणा कर देने की योजना बन चुकी है। माओवादी गृहमंत्री का पद अपने पास रखना चाहते हैं। नेपाली कांग्रेस को वित्त और विदेश मंत्रालय चाहिए। मगर, प्रचंड प्रधानमंत्री पद पर कितने दिन रहेंगे? सबसे बड़ा सवाल है। जो नया गठबंधन बना है, उसमें नेपाली कांग्रेस, नेकपा-माओवादी केंद्र, नेकपा (यूनिफाइड सोशलिस्ट), जनता समाज पार्टी, जनमत पार्टी, पीपुल्स फ्रंट नेपाल, लोकतांत्रिक समाज हैं। आठ पार्टियों के बीच मंत्री पद बांटकर उन्हें संतुष्ट करना कोई मज़ाक नहीं है। निश्चित मानिये कि मंत्री पद और महत्वपूर्ण मंत्रालय नेपाली कांग्रेस के हिस्से आना है।

275 सदस्यीय नेपाली संसद 'प्रतिनिधि सभा' में नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी सेंटर) के कुल जमा 30 सांसद हैं, उनके नेता प्रचंड कब तक कुर्सी से टिके रहेंगे? लाख टके का सवाल है। पांच साल की सत्ता में ओली की नेकपा-एमाले, ढाई साल बाद सत्ता में साझीदारी करे, इतना सब्र कहां था उनके पास? यह भ्रम तो 9 मार्च, 2023 को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले टूट गया। 13 मार्च, 2023 तक राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी का दूसरा कार्यकाल है। नेपाली कांग्रेस के राष्ट्रपति प्रत्याशी रामचंद्र पौडेल को प्रचंड का समर्थन मिल रहा था, तभी इसका संकेत मिल गया कि सत्ता के अंतःपुर में सब कुछ सामान्य नहीं चल रहा है।

तय तो यह हुआ था कि राष्ट्रपति एमाले का होगा, ठीक उसी तरह जैसे विद्या देवी



भंडारी नेकपा-एमाले मज़बूत स्तंभ की तरह ओली की मददगार रहीं। प्रचंड इस व्यूहरचना को समझ रहे थे कि नेकपा-एमाले का राष्ट्रपति सुबास नेमांग बने तो ओली राजनीति का रिमोट कंट्रोल अपने हाथों से जाने नहीं देंगे। एक जून, 2001 को राजमहल में हत्याकांड के समय यही सुबास नेमांग संसद में स्पीकर थे। राजा बीरेंद्र और रानी ऐश्वर्या समेत 10 लोगों की हत्या की कहानी को स्पीकर नेमांग ने बड़े नाटकीय ढंग से सदन में प्रस्तुत किया था, जिससे उन्होंने राष्ट्रीय शोक को भी हास्य में बदल दिया था। ऐसे नॉन-सीरियस सुबास नेमांग को नेकपा-एमाले ने मई, 2018 में संसदीय दल का उपनेता बनाया था।

नये समीकरण से लगता नहीं कि सुबास नेमांग राष्ट्रपति बन पायेंगे। कोई चमत्कार हो जाए तो अलग बात है। संसद के निचले सदन में ओली की नेकपा-एमाले के 79 सांसद हैं। उनसे बड़ी लकीर 89 सांसदों वाली नेपाली कांग्रेस की है। 21 निर्दलीयों को सब लोग मानकर चलते हैं कि ये शाहे वक्त को सलाम करते हैं। नेपाली कांग्रेस और प्रचंड की नेकपा माओवादी वाले नये समीकरण में 'जनमत पार्टी', 'नागरिक उन्मुक्ति पार्टी' और 'जनता समाजवादी पार्टी' के सांसद दिखेंगे।

पिछले गठबंधन में प्रचंड के आगे पेचोखम बहुत सारे थे। राजावादी राप्रपा (राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी) ने शर्त रखी थी कि पौष 27 गते (11 जनवरी) को हिंदू राष्ट्र के संस्थापक गोरखाली राजा पृथ्वी नारायण शाह की जयंती के साथ सार्वजनिक अवकाश घोषित कीजिए, वरना हम आपके साथ नहीं हैं। प्रचंड मान भी गये, मगर परिणाम नकारात्मक ही निकला। नागरिकता की हेराफेरी में दोषी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (रास्वपा) के नेता रबि लामिछाने को कोर्ट आदेश से उपप्रधानमंत्री सह-गृहमंत्री का पद छोड़ना पड़ा। दोबारा से नागरिकता मिलने के बाद भी रबि लामिछाने को गृहमंत्री पद न देकर प्रचंड ने संकट को निमंत्रण ही दिया था। पहले राउंड में ही रास्वपा के सभी मंत्रियों ने त्यागपत्र भेज दिया, दूसरा झटका समर्थन वापसी से दे दिया। विगत रविवार को राजा समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के चार मंत्रियों ने प्रचंड को इस्तीफा भेज दिया था, सोमवार को नेकपा-एमाले के आठों मंत्रियों ने पद त्याग की घोषणा कर दी।

इस गठबंधन को केवल राष्ट्रपति चुनाव तक रोक के रखा गया था। ओली चुनाव तक शांत रहने का निर्देश दे चुके थे, मगर प्रचंड ने सार्वजनिक रूप से यह कह दिया था कि मंत्रियों को हटाने का समय आ चुका है। बिना पोर्टफोलियो का मंत्री बने रहना है, तो एमाले के सांसद शौक से बने रहें। 17 जनवरी, 2023 को डॉ. विमला राई पौड्याल को नेपाल का विदेश मंत्री बनाया गया था। विमला राई पौड्याल को जिनेवा मानवाधिकार कौंसिल की बैठक में जाना था। ऐसा देश में पहली बार हुआ कि विदेश मंत्री एयरपोर्ट जाने की तैयारी कर रही थीं, तभी पीएमओ से संदेश आता है कि आप दौरा रद्द कर दें। नेकपा-एमाले के लिए यह निहायत शर्मनाक स्थिति थी। जबकि कैबिनेट ने विमला राई पौड्याल के जिनेवा दौरे को अप्रूव किया था। अब जेनेवा मानवाधिकार कौंसिल की बैठक में नेपाली दल का नेतृत्व प्रचंड के 'मानवाधिकार सलाहकार' गोविंद प्रसाद कोइराला करेंगे।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




# महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं गढ़ रही हैं आत्मनिर्भता की कहानी

## प्रगति समूह ने गोठान में मलटीएक्टीविटी संचालित कर तीन वर्ष में कमाये 37 लाख रुपए

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दिखाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ में सुराजी गांव योजना को शुरू किया था। आज इसके नतीजे भी देखने को मिल रहे हैं। छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं न सिर्फ नए रोजगार में हाथ आजमा रही हैं बल्कि स्वावलंबन की नई कहानी भी लिख रही हैं। पहले छोटी छोटी जरूरतों को पूरा करने के लिए घर के पुरुष सदस्यों पर निर्भर रहने वाली ग्रामीण महिलाएं अब आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं और संभावनाओं के नए द्वार खोल रही हैं।

ऐसी ही एक कहानी है छत्तीसगढ़ के उत्तरी छोर में बसे बलरामपुर-रामानुजगंज जिले की । यहां की प्रगति महिला स्व-सहायता समूह की महिला सदस्यों ने विगत तीन वर्षों में गोबर से वर्मी कम्पोस्ट, घरों से निकलने वाले कचरे से खाद बनाकर एवं सामुदायिक बाड़ी विकास के कार्यों से करीब 37 लाख 17 हजार रुपए कमाये हैं। प्रगति स्व सहायता महिला समूह की की 28 महिलाओं द्वारा अब तक 3 हजार 724 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट खाद का उत्पादन किया गया है, जिसमें से 3 हजार 631 क्विंटल वर्मी खाद का विक्रय किया गया है, जिससे कुल 36 लाख 31 हजार 700 रुपए की आय प्राप्त हुई है। इस आय से स्व-सहायता समूह को 9 लाख 58 हजार 200 रुपए का मुनाफा हुआ है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की महत्वाकांक्षी नरवा, गरूवा, घुरवा और बाड़ी योजना से स्व-सहायता समूह की महिलाओं के हौसलों को नई उड़ान मिली है और वे नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। प्रगती महिला स्व सहायता समूह की लाखो पुरी बताती है कि 28 महिलायें संयुक्त रूप से गोबर से वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण कर रही हैं, जिससे उन्हें अतिरिक्त आय के साथ समाज में प्रतिष्ठित स्थान भी मिला है। उन्होंने बताया कि लाभांश के पैसे से हमारे घर की स्थिति में सुधार हुआ है। समूह की सचिव बताती है कि गोधन न्याय योजना हम महिलाओं के लिए अतिरिक्त आय का जरिया बना है, इससे प्राप्त आय से बच्चों की पढ़ाई में सहायता मिली है।



### गौठान में हो रहा मल्टीएक्टिविटी का संचालन

इन मेहनती महिलाओं द्वारा डोर टू डोर कचरा इक्ट्ठा करने का कार्य ई-रिक्शा और मिनी टिपर के द्वारा किया जा रहा है, जिसे ये स्वयं चलाकर घरों से कचरा इक्ट्ठा कर गौठान में बने सेग्रिगेशन सेड तक लाती है। समूह की सदस्य गीता नागवंशी ने बताया कि गौठान में सामुदायिक बाड़ी के तहत सरसो, केला, टमाटर, मटर, चना, लहसुन एवं प्याज की भी खेती की जा रही है। इसके साथ ही मुर्गी पालन और बटेर पालन से भी समूह को अतिरिक्त आमदनी हो रही है।

## खास खबर

### जिला रोजगार कार्यालय में आज और कल प्लेसमेंट कैम्प

**राजनांदगांव।** जिला रोजगार कार्यालय तहसील परिसर राजनांदगांव में प्लेसमेंट कैंप सह रोजगार मेला का 28 फरवरी को आयोजित किया गया। प्लेसमेंट कैम्प में 191 आवेदक शामिल हुए। जिसमें जनाधार कौशल विकास छत्तीसगढ़ मडसे गीदम जिला दंतेवाड़ा एवं फॉयर एण्ड सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट भिलाई जिला दुर्ग द्वारा 45 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया। अंतिम चयन का परिणाम आवेदकों को मेरिट लिस्ट के आधार पर सूचित किया जाएगा। जिला रोजगार कार्यालय तहसील परिसर राजनांदगांव में 1 एवं 2 मार्च 2023 को प्लेसमेंट कैंप सह रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होने के लिए पात्र एवं इच्छुक आवेदन निर्धारित तिथि एवं स्थान पर अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित हो सकते है।

### मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत नगरीय क्षेत्र के लोगों को पहुंचाया जा रहा स्वास्थ्य लाभ

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार हेतु मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से नगरीय क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से नगरीय क्षेत्र के प्रमुख हाट बाजारों चौक चौराहों में लोगों की खून जांच, सर्दी, बुखार, थायराइड, मलेरिया, टाइफइड, ईसीजी, ब्लड प्रेशर, शुगर के साथ अन्य बीमारियों की जांच निपुण लैब टेक्नीशियन एवं अत्याधुनिक सुविधा वाली मशीनों से की जाती है। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना का शिविर सभी वार्डों में रूट के अनुसार संचालित किया जा रहा है। अब तक जिले के 05 नगरीय निकायों में संचालित 05 मोबाईल मेडिकल यूनिट द्वारा 513 शिविरों के माध्यम से कुल 37,968 मरीजों का उपचार किया गया है। जिसके अंतर्गत 30,784, लाभान्वित मरीजों को दवा वितरण किया गया है एवं 6,953 उपचारित मरीजों की विभिन्न टेस्ट किया गया है।

### स्वर्ण उदय ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**भिलाई।** जेसीआई दुर्ग भिलाई स्वर्ण उदय के अध्यक्ष जेसी सुरेंद्र मोनिका खेतान ने बताया कि संस्था के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला मुख्य चिकित्सालय दुर्ग में रक्तदान शिविर का आयोजन उत्साह पूर्ण वातावरण में किया गया। जहां लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया व ऐतिहासिक 50 यूनिट रक्तदान किया गया।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना विवाह के बंधन में बंधे 250 जोड़े

## संसदीय सचिव विनोद चंद्राकर ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया साथ ही सुखी दाम्पत्य जीवन की शुभकामना दी और उपहार भेंट किए

श्रीकंचनपथ न्यूज

महासमुंद। महासमुंद के संजय कानन में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 250 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। इस अवसर पर संसदीय सचिव व विधायक विनोद चंद्राकर, कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया साथ ही सुखी दाम्पत्य की शुभकामना भी दी साथ ही उपहार भेंट किए।



उन्होंने कहा कि निर्धन कन्याओं के लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना वरदान है। इस योजना के माध्यम से फिजुल खर्च एवं दहेज प्रथा जैसे कुरीतियों को समाप्त करने का एक अच्छा माध्यम है। अब ऐसे कन्याओं के माता-पिता को आर्थिक समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ रहा।ज़िला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास समीर पाण्डे ने बताया कि आज मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में आज 250 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। इस अवसर पर ज़िला पंचायत अध्यक्ष ऊषा पटेल, अध्यक्ष नगरपालिका राशि महिलांग, रश्मि चंद्राकर, स्काउट गाइड के जिलाध्यक्ष दाऊलाल चन्द्राकर, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

संसदीय सचिव चंद्राकर ने कहा कि शादी सामजिक जीवन में एक महत्वपूर्ण अंग है। यह वर-वधु का नहीं बल्कि दो दिलों का मिलन और दो परिवारों का एक होना भी है। उन्होंने कहा कि समाज में हम सब की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, चाहे वो सामाजिक, संस्कृति, आर्थिक किसी भी क्षेत्र में हो। हम सबको मिल-जुलकर अपने दायित्वों का निर्वहन करना होता है. राज्य सरकार ने जनता की बेहतरी के लिए कई बेहतर योजनाएं बनाई है जिनमे से एक है मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना जिनका फायदा राज्य के हर वर्ग के गरीब व्यक्ति को मिल रहा है। साथ ही कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन एवं महिला बाल विकास विभाग की टीम को भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत् प्रति जोड़ा 25 हजार रुपए का व्यय निर्धारित है। जिसमें 5 हजार रुपए वस्त्र, श्रृंगार सामग्री, आभूषण पर, 5 हजार रूपए विवाह के आयोजन पर, 14 हजार रुपए प्रोत्साहन सामग्री व 1 हजार बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से वधु को दिया जाता है। नवविवाहित जोड़ों को जीवनोपयोगी विभिन्न सामग्रियां जैसे कुकर, बर्तन गद्दा, आलमीरा, वैवाहिक वस्त्र, मंगलसूत्र, बिछिया, पायल, वैवाहिक वस्त्र, श्रृंगार सामग्रियां आदि उपहार स्वरूप प्रदान किए जाते है। इसके अतिरिक्त विवाह का आयोजन शासकीय स्तर पर किया जाता है।

# कुलदीप को एक महीने के भीतर मिली अनुकंपा नियुक्ति

## दिवंगत ग्राम पंचायत सचिव के पुत्र को मिली ग्राम सचिव पद पर पोस्टिंग



श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कलेक्टर संजीव झा की पहल पर दिवंगत ग्राम पंचायत सचिव के पुत्र को एक महीन के भीतर ही अनुकंपा नियुक्ति मिल गयी है। विकासखण्ड करतला के अंतर्गत ग्राम केरवाद्वारी निवासी कुलदीप कुमार राठिया को ग्राम पंचायत सचिव के पद पर नियुक्ति दी गई है। कुलदीप के पिता स्वर्गीय जय लाल राठिया ग्राम फतेहगंज में ग्राम पंचायत सचिव के पद पर कार्यरत् थे। उनकी आकस्मिक मृत्यु दिसंबर 2022 में हो गई थी। अपने पिता की मृत्यु के पश्चात् कुलदीप ने फरवरी 2023 में अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया था। कलेक्टर श्री झा की तत्परता और संवदेनशीलता के कारण माह समाप्त होने के पहले ही एक महीने के भीतर कुलदीप को नौकरी मिल गई है। कलेक्टर श्री झा ने कुलदीप को बधाई देते हुए पूरी निष्ठा के साथ कर्तव्य निर्वहन करने की शुभकामनाएं दी है।

गौरतलब है कि ग्राम केरवाद्वारी तहसील करतला के निवासी स्वर्गीय जयलाल राठिया ग्राम पंचायत सचिव के पद पर फतेहगंज में कार्यरत थे। उनकी मृत्यु दिसंबर 2022 में हो गई थी। परिवार के मुखिया के मृत्यु हो जाने पर उनके चार बच्चों और परिवार के सामने आर्थिक समस्या उत्पन्न हो गयी थी। इस प्रकरण में जिला प्रशासन ने संवेदनशीलता दिखाते हुए दिवंगत शासकीय सेवक के पुत्र कुलदीप राठिया को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान किया है। कुलदीप के परिजनों ने बताया कि दु:ख की इस घड़ी में प्रशासन के विशेष प्रयास से कुलदीप को अनुकंपा नियुक्ति मिल पाई है। परिवार को चलाने और परिवार वालों के भरण पोषण में अब अच्छे से सहयोग मिल पाएगी। कुलदीप ने अनुकंपा नियुक्ति मिलने पर शासन का आभार जताया है।

# दिशा स्कीम के अंतर्गत शार्ट फिल्म प्रतियोगिता का होगा आयोजन

## शार्ट फिल्म के लिए 15 मार्च तक भेज सकते है थीम

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायगढ़।** न्याय विभाग भारत सरकार एवं नालसा के संयुक्त तत्वाधान में संचालित की जा रही 'दिशा' स्कीम के अंतर्गत इस वर्ष की शार्ट फिल्म प्रतियोगिता का आयोजन आदिवासी बाहुल्य जगदलपुर में किया जावेगा। इस प्रतियोगिता में 05 से 10 मिनट की अवधि की शार्ट फिल्में न्याय विभाग एवं नालसा की दिशा स्कीम थीम पर तैयार कर 15 मार्च तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अथवा छ.ग.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत की जा सकती हैं। इस प्रतियोगिता में कोई भी शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग, निजी व्यक्ति, संगठन अथवा कोई भी संस्था भाग ले सकता है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया जावेगा। इसके अलावा कानूनी जागरूकता से संबंधित अन्य शार्ट फिल्में (दिशा एवं अन्य विषयों पर) गैर प्रतियोगिता वर्ग में जमा की जा सकती है, इनका भी प्रदर्शन किया जा सकेगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए छ.ग.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों से कार्यालयीन समय में संपर्क किया जा सकता है।

ज्ञात हो कि दिशा स्कीम के अंतर्गत मोबाईल एवं वीडियो के माध्यम से तथा जन सूचना केन्द्र (कॉमन सर्विस सेंटर) के माध्यम से विधिक सहायता उपलब्ध कराये जाने का कार्य छ.ग. राज्य के सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों में किया जा रहा है तथा इसके लिए प्रत्येक जिले हेतु एक-एक टेली अधिवक्ता भी नियुक्त किया गया है। स्कीम के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए छ.ग.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की वेबसाईट www.cgslsa.gov.in पर देखा जा सकता है तथा शशांक शेखर दुबे, विधिक सहायता अधिकारी मो.नं. +91-9131525540 से संपर्क किया जा सकता है।

## जनचौपाल में राजस्व मामले में मिली शिकायत, कलेक्टर ने की त्वरित कार्रवाई

**कोरिया।** साप्ताहिक समयसीमा की बैठक के पश्चात आयोजित जनचौपाल में आवेदक अपने आवेदन लेकर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के समक्ष प्रस्तुत हुए। आज जनचौपाल में कुल 57 आवेदन प्रस्तुत किए गए। इस दौरान आवेदक श्याम बिहारी ने भी अपना आवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया। आवेदन में लंबे समय से न्यायालय नायब तहसीलदार पटना के फर्द आदेश के बाद भी हल्का पटवारी द्वारा भूमि का फर्द सूची तैयार कर प्रस्तुत ना कर कार्य में लापरवाही की शिकायत की गई थी। जिसपर कलेक्टर ने त्वरित कार्यवाही की। उन्होंने सक्षम प्राधिकारी को संबंधित हल्का पटवारी दिवाकर सिंह को निलंबित करने और विभागीय जांच शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

# होली के उल्लास भरे पर्व पर समूह की महिलाओं द्वारा बनाए गए हर्बल गुलाल के रंगो की बिखरेगी छटा

## फूल-पत्तियों की महक एवं रंगत लिए ये प्राकृतिक गुलाल हैं इको फ्रेंडली

श्रीकंचनपथ न्यूज



**राजनांदगांव।** होली के उल्लास भरे पर्व पर बिहान के स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाए गए हर्बल गुलाल के रंगो की छटा बिखरेगी। छुरिया विकासखंड के ग्राम गुण्डरदेही की गुलाब एवं ज्योति स्वसहायता समूह की महिलाओं ने बनाए हैं गुलाब से गुलाबी, गेंदा से पीला और पलास से नारंगी तथा नीम से हरे रंग के हर्बल गुलाल फूल-पत्तियों की महक एवं रंगत लिये प्राकृतिक गुलाल इको फ्रेंडली है। कलेक्टर डोमन सिंह ने समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में हर्बल गुलाल की खरीदी की। कलेक्टर श्री सिंह ने कहां कि होली के पर्व पर रासायनिक रंगों के दुष्प्रभाव से दूर रहते हुए अपने परिजनों एवं स्वजनों के साथ हर्बल गुलाल के साथ होली खेलें। रासायनिक रंगों से आंखों एवं त्वचा को नुकसान पहुंच सकता है। हर्बल रंग प्राकृतिक रंग है जो ईको फ्रेंडली है, इनका अधिक से अधिक उपयोग करें। उन्होंने जैविक पौध संरक्षण औषधि ब्रम्हास्त्र तथा प्राकृतिक बीजोपचारक बीजामृत की खरीदी की।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार, वन मंडलाधिकारी सलमा फारूकी, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, संयुक्त कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, एसडीएम अरूण वर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों ने हर्बल गुलाल एवं जैविक पौध संरक्षण औषधि ब्रम्हास्त्र तथा प्राकृतिक बीजोपचारक बीजामृत की खरीदी की।


आवश्यकता है
लड़के एवं लड़कियों की
वेतन चार अंकों में
भिलाई मसाला उद्योग
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766


BIG BRAND
Premium Store
30% Off
70001 78467
70008 73376
Near KPS school ,
Nehru Nagar ,Bhilai

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### ईआरव्ही के रिस्पांस टाईम सुधारने सभी जिलों के डीपीसीआर प्रभारियों को निर्देश

**रायपुर।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रदीप गुप्ता ने छत्तीसगढ़ डायल 112 सी-4 सिविल लाईन रायपुर में 11 जिलों में संचालित डायल 112 आपातकालीन सेवा के सुचारू संचालन हेतु सभी जिला प्रभारियों की बैठक ली। उन्होंने सभी जिला प्रभारियों को ईआरव्ही रिस्पांस टाईम सुधारने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिससे जन मानस को इस योजना का समय पर एवं अधिक से अधिक लाभ मिल सके। बैठक में पुलिस अधीक्षक डायल 112 डॉ. संगीता माहिलकर एवं उप पुलिस अधीक्षक के.पी.एस. धुर्वे के साथ ही रक्षित निरीक्षक रवि उपाध्याय, उप निरीक्षक उषा ठाकुर, सिंधु साहू, रजनीश कौशिक एवं राजेशचन्द्र शाही उपस्थित थे।

### शिल्प संस्कृति मंड़ई में सम्मानित हुए लोक कलाकार

**रायपुर।** संस्कृति विभाग एवं लोकधारा सांस्कृतिक संस्था, रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में 25 से 27 फरवरी तक तीन दिवसीय शिल्प संस्कृति मंड़ई 2023 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पांरपरिक लोक कला, संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन तथा सतत् विकास हेतु पहले दिन मड़ई, गौरा-गौरी बिहाव, जैतखाम, वेशभूषा, श्रृंगार आभूषण, रैचूली झुला का प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके साथ ही शांति बाई चेलक द्वारा लोकगाथा पंडवानी, रेखा जलक्षेत्री द्वारा भरथरी, भोलाराम द्वारा नाचा गम्मत और शिवभोला नाच पार्टी ठाकुरटोला की प्रस्तुति हुई।

दूसरे दिन जसगीत, लोकगीत, करमा, ददरिया तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इसी प्रकार तीसरे दिन बारामासी सांस्कृतिक लोक कलाकारों का सम्मान समारोह आयोजित की गई। प्रदर्शनी का अवलोकन संस्कृति विभाग के संचालक विवेक आचार्य ने किया। कलाकारों ने इस दौरान संचालक आचार्य का आत्मीय स्वागत किया तथा स्मृति चिन्ह भेंट की। संचालक आचार्य ने आमंत्रित अतिथियों और कलाकारों को शॉल, स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया।

### छत्तीसगढ़ विधानसभा के आसपास के क्षेत्र में बजट सत्र के दौरान 1 मार्च से धारा 144 लागू रहेगा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की पंचम विधानसभा का सोलहवां सत्र 1 मार्च से 24 मार्च तक निर्धारित किया गया है। इस दौरान ज्ञानगंगा स्कूल टर्निंग बलौदाबाजार रोड से विधानसभा जीरो प्वाईंट तक, अवंतिबाई चौक से व्ही. आई.पी. तिराहा-जीरो प्वाईंट तक, बरोदा चौक से जीरो प्वाईंट तक तथा कचना मोड से धनेली मोड तक दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 लागू रहेगा।

कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने बताया कि विधानसभा भवन में शासकीय कार्य सुचारू रूप से शांतिपूर्वक संपन्न कराए जाने के दृष्टिकोण से जिला प्रशासन द्वारा उक्त क्षेत्र में सभा, समारोह, प्रदर्शन, जुलूस एवं अन्य प्रकार के प्रदर्शनों के लिये 1 मार्च से 24 मार्च तक प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है।

## मसालों की खेती में छत्तीसगढ़ की बन रही देश में नई पहचान

# प्रदेश में मसालों का उत्पादन चार लाख टन

## जलवायु की अनुकूलता और भरपूर फायदे से किसान हो रहे आकर्षित



### मसालों की नई किस्म पर शोध

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिक एस.एच. टूटेजा ने बताया कि बीते सालों में मसालों के बीजों पर शोध किया जा रहा है जिसमें धनिया की दो किस्में सीजी धनिया व सीजी चन्द्राहु धनिया विकसित की गई जिससे अच्छी फसल प्राप्त हो रही है। इसकी स्थानीय स्तर के अलावा अन्य 7 राज्यों में आपूर्ति की जा रही है। इसी तरह हल्दी की भी नई किस्म विकसित की गई है। श्री टूटेजा ने बताया कि छत्तीसगढ़ में मसाला फसलों की बहुत अच्छी संभावना है। अब किसान जागरूक होकर इसकी खेती कर रहे हैं और अच्छी आय प्राप्त कर रहे हैं।

### राष्ट्रीय कार्यशाला

छत्तीसगढ़ में मसालों की संभावनाओं और उनकी खेती को प्रोत्साहित करने के लिए बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, सरकंडा, बिलासपुर में 14 एवं 15 मार्च, 2023 को कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इस कार्यशाला में देश के विभिन्न राज्यों के विषय विशेषज्ञ शामिल होंगे तथा छत्तीसगढ़ में मसाला एवं सुगंधित फसलों के उत्पादन की संभावनाओं एवं क्षमताओं के संबंध में विचार-विमर्श किया जाएगा। इसमें मसालों की खेती करने वाले किसानों और उनका व्यापार करने वाले व्यापारियों को भी आमंत्रित किया जाएगा ताकि मसालों की नई तकनीक और उसके व्यापारिक फायदों के संबंध में विस्तृत चर्चा की जा सके।

### छत्तीसगढ़ से अन्य राज्यों को हो रही है धनिया के बीजों की आपूर्ति

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मसालों की खेती का दायरा बढ़ते जा रहा है। राज्य सरकार की किसान हितैषी नीतियों का खेती-किसानी के क्षेत्र में असर दिख रहा है। किसान नवाचार की ओर बढ़ रहे हैं। सामान्यत: छत्तीसगढ़ में जो किसान धान तथा अन्य परम्परागत फसलों की खेती करते रहे हैं, वे अब मसालों की खेती की ओर भी रूख कर रहे हैं। मसालों की खेती में छत्तीसगढ़ की देश में नई पहचान बन रही है।

छत्तीसगढ़ की जलवायु और मिट्टी मसालों की खेती के अनुकूल होने के कारण उत्पादन भी अच्छा हो रहा है। राज्य के किसानों को उत्पादन के साथ-साथ अच्छी आमदनी भी मिल रही है। छत्तीसगढ़ में मसालों की मांग और आपूर्ति में संतुलन की स्थिति आ रही है। इस समय मसालों का उत्पादन चार लाख मीट्रिक टन से भी अधिक है। साथ ही इस क्षेत्र में इतने उत्साहजनक परिणाम मिल रहे हैं कि छत्तीसगढ़ से धनिया के भी बीज अन्य राज्यों को आपूर्ति की जा रही हैं।

कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार छत्तीसगढ़ की जलवायु मसालों के उत्पादन के अनुकूल है। इसलिए यहां मसालों की खेती लगातार बढ़ती जा रही है। हल्दी, अदरक, लाल मिर्च, अजवाईन, ईमली, लहसून की खेती की जा रही है। हल्दी, धनिया, मेथी, लहसून, मिर्च, अदरक की खेती छत्तीसगढ़ के करीब-करीब सभी क्षेत्रों में की जा रही है। वहीं बलरामपुर, बिलासपुर, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही और मुंगेली में अजवाइन तथा कोंडागांव में काली मिर्च की खेती भी की जा रही है।

### हल्दी का उत्पादन सर्वाधिक

मसालों की खेती के रकबे के साथ-साथ उत्पादन में भी तेजी से इजाफा देखने को मिल रहा है। छत्तीसगढ में अभी 66081 हेक्टेयर में मसालों की खेती हो रही है और लगभग 4 लाख 50 हजार 849 मीट्रिक टन मसालों का उत्पादन हुआ है। छत्तीसगढ़ में हल्दी का रकबा और उत्पादन सबसे अधिक है। उसके बाद अदरक, धनिया, लहसून, मिर्च, इमली की खेती की जा रही है।

### योजनाओं से मिल रही मदद

मसाले की खेती के लिए किसानों को राष्ट्रीय बागवानी मिशन, राष्ट्रीय कृषि योजना तथा अन्य योजना के तहत सहायता दी जाती है। राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अंतर्गत 24 जिलों में मसाले की खेती 13302 हेक्टेयर में की गई है और 93114 मीट्रिक टन उत्पादन हुआ है। वही राज्य में संचालित राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत विगत चार वर्षों में 1837.29 हेक्टेयर में मसाले की खेती की गई एवं औसतन 12861 मीट्रिक टन का उत्पादन प्राप्त हुआ है। इससे लगभग 3500 कृषक लाभान्वित हुए हैं।

### किसानों को मिल रही भरपूर आमदनी

धनिया की खेती करने वाले कृषक मयंक तिवारी बताते हैं कि एक हेक्टेयर में बोने पर लगभग 20 हजार रूपए का खर्च आता है। फसल होने पर 60 से 65 हजार तक की आमदनी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बताया कि सभी खर्च काटकर 40 से 45 हजार की शुद्ध आमदनी होती है। बलौदाबाजार जिले में हल्दी की खेती करने वाली महिला स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष लोकेश्वरी बाई ने बताया कि एक एकड़ में हल्दी लगाई है जिस पर 50,000 रूपए का लागत लगी है। फसल काफी अच्छी हुई तथा औसत उत्पादन 50-60 क्विंटल प्राप्त होने की सम्भावना है जिसमे से 5 क्विंटल की खोदाई हो गयी है जिसे पीसकर पैकिंग कर किराना दुकान में बेच रहे हैं जिससे 60-65 हजार की आमदनी हुई है। राजनांदगांव की कृषक अरपा त्रिपाठी, गोपाल मिश्र, संजय त्रिपाठी और जैनु राम ने मिलकर 12.208 हेक्टेयर में हल्दी की खेती की है। उन्हें 250-300 मीट्रिक टन उत्पादन प्राप्त होने की सम्भावना है।

कोरबा जिले के कृषक प्रताप सिंह ने बताया कि उन्होंने 0.400 हेक्टेयर में अदरक की फसल बोई जिसमें 90 हजार रूपए की लागत आई। लगभग 47 क्विंटल उत्पादन हुआ, इसे बेचने पर उन्हें 1.40 लाख रूपए मिले। इस राशि में उन्हें 50 हजार रूपए का शुद्ध फायदा हुआ। बीते चार सालों में लगभग 300 किसानों को अदरक की खेती के लिए प्रशिक्षण दिया गया है। इन किसानों ने 130 हेक्टेयर में अदरक की खेती कर 2000 टन अदरक का उत्पादन किया है।

# स्वस्थ जीवन के प्रति जागरुकता के लिए राजधानी में विशेष योगाभ्यास शिविर का हुआ आयोजन

### छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा हुए शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा योग के प्रति जन-जागरूकता लाने तथा स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना के उद्देश्य से 28 फरवरी को सुबह रायपुर के सुभाष स्टेडियम में एक दिवसीय सामूहिक विशेष योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा थे। शिविर में आमजनों का नि:शुल्क स्वास्थ परीक्षण भी किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ योग आयोग के सचिव एम एल पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, योग साधक-प्रशिक्षक और नागरिकगण उपस्थित थे।



# छत्तीसगढ़ में जल्द लागू होगी मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना

**रायपुर (ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा वाणिज्यिक वृक्षारोपण को बढ़वा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ में ''मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना'' लागू किये जाने की घोषणा उपरान्त छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना की क्रियान्वयन की तैयारी में वन विभाग जुट गया है और तैयारियां जोरो पर है।

वन विभाग द्वारा अब तक 16 हजार से अधिक हितग्राहियो के लगभग 30 हजार एकड़ निजी भूमि में वृक्षारोपण हेतु पंजीयन किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य में वृक्षों के व्यवसायिक उपयोग को बढ़ावा देने की अपार संभानाओं को देखते हुए इस योजना को लागू किए जाने की घोषणा की है। इस योजनांतर्गत कृषकों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से कृषकों की सहमति पर उनके भूमि पर वाणिज्यिक वृक्षारोपण किया जाना है।

### राज्य में इस वर्ष 12 प्रजाति के वृक्षों का 30 हजार एकड़ रकबे में होगा रोपण

इस संबंध में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख संजय शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजनांतर्गत राज्य में इस वर्ष 12 प्रकार के प्रजाति के वृक्ष का 30 हजार एकड़ रकबे में रोपण किया जाएगा। इनमें से क्लोनल यूकलिप्टस का 17 हजार 182 एकड़ में, रूटशूट टीक का 6 हजार 456 एकड़ में, टिश्यू कल्चर का 2 हजार 617 एकड़ में, चंदन का 1 हजार 462 एकड़ में, मेलिया दुबिया का 8 सौ 34 एकड़ में, सामान्य बांस का 7 सौ 37 एकड़ में, टिश्यू कल्चर बम्बू का 6 सौ 7 एकड़ में, रक्त चंदन का 1 सौ 26 एकड़ में, आमला का 43 एकड़ में, खमार का 40 एकड़ में, शीशम का 20 एकड़ में तथा महानीम का 20 एकड़ रकबे में लगाने का लक्ष्य रखा गया है।



### मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजनांतर्गत 5 वर्षो में 1 लाख 80 हजार एकड़ में 15 करोड़ वृक्षारोपण का लक्ष्य

मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना अंतर्गत किसान, इच्छुक भूमि स्वामी, शासकीय, अर्ध शासकीय एवं शासन के स्वायत्त संस्थाएं, निजी शिक्षण संस्थाएं, निजी ट्रस्ट, पंचायत तथा भूमि अनुबंध धारक इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। राज्य शासन द्वारा 1 वर्ष में 36 हजार एकड़ तथा 5 वर्षो में 1 लाख 80 हजार एकड़ क्षेत्रफल में कुल 15 करोड़ वृक्षारोपण करने का लक्ष्य रखा गया है।इस योजनांतर्गत राज्य शासन द्वारा 5 एकड़ तक वृक्षारोपण हेतु 100 प्रतिशत अनुदान तथा 5 एकड़ से अधिक क्षेत्र में वृक्षारोपण हेतु 50 प्रतिशत वित्तीय अनुदान देगी। चिन्हित वृक्ष प्रजातियों की खरीदी हेतु न्यूनतम क्रय मूल्य का निर्धारण भी शासन द्वारा किया जाएगा। 5 वर्षो में रोपित सभी प्रजातियो के वृक्ष परिपक्व होने पर उनका मूल्य 10 हजार करोड़ रुपये होने की सम्भावना है। इस योजना से किसानों को प्रति एकड़ प्रतिवर्ष 15 हजार से 50 हजार तक आय सम्भावित है। इसके अतिरिक्त कार्बन क्रेडिट के माध्यम से भी किसानों को अतिरिक्त आय होगी।

# मंत्री सिंहदेव ने ली चिकित्सा महाविद्यालयों के स्वशासी समिति की बैठक

**रायपुर (ए)।** स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री टीएस सिंहदेव ने मंगलवार को बिलासपुर स्थित छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, दुर्ग के चंदूलाल चंद्राकर स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय और रायगढ़ शासकीय मेडिकल कॉलेज के स्वशासी समिति की बैठक ली। चिकित्सा शिक्षा मंत्री सिंहदेव के रायपुर के सिविल लाइन स्थित निवास कार्यालय में आयोजित तीनों मेडिकल कॉलेजों के स्वशासी समिति की अलग-अलग बैठक में मेडिकल कॉलेजों के प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई।



मंत्री सिंहदेव ने सभी मेडिकल कॉलेजों के स्वशासी समिति की बैठक हर तीन माह में आयोजित करने के निर्देश दिए। आज हुई बिलासपुर, दुर्ग और रायगढ़ मेडिकल कॉलेज के स्वशासी समिति की बैठक में तीनों कॉलेजों के बजट प्रस्ताव, निर्माण कार्यों, चिकित्सकों और प्राध्यापकों की भर्ती सहित विभिन्न व्यवस्थाओं एवं संसाधनों पर विचार-विमर्श किया गया। चिकित्सा शिक्षा विभाग के सचिव प्रसन्ना आर., आयुक्त नम्रता गांधी, संचालक डॉ. विष्णु दत्त और सीजीएमएससी के प्रबंध संचालक चंद्रकांत वर्मा भी बैठक में शामिल हुए। तीनों कॉलेजों के डीन और चिकित्सा अधीक्षक भी बैठक में मौजूद थे।

चंदूलाल चंद्राकर स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के स्वशासी समिति की बैठक में अगले माह 17 मार्च से 22 मार्च तक छह दिवसीय वार्षिक उत्सव के आयोजन की मंजूरी दी गई। इसके लिए पांच लाख रूपए की स्वीकृति दी गई। महाविद्यालय के लेक्चर हॉल में अध्यापन के लिए पांच लैपटॉप खरीदने की भी स्वीकृति दी गई। इसके लिए चार लाख रूपए मंजूर किए गए। स्वशासी समिति की बैठक में महाविद्यालय के बालक छात्रावास और इंटर्न छात्रावास के उद्यान का उन्नयन व सौंदर्यीकरण सीएसआर मद से कराने की सहमति प्रदान की गई। मरीजों की सुविधा के लिए दुर्ग संभाग के आयुक्त और दुर्ग के कलेक्टर द्वारा महाविद्यालय को एक-एक एम्बुलेंस उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। राज्य शासन द्वारा शव वाहन उपलब्ध कराने की भी सहमति प्रदान की गई।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# साउथ की फिल्मों में धमाल मचाने के बाद अब बॉलीवुड में दस्तक देगी अदाकारा आसमा सैयद




इन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा कैम्ब्रिज से पूरी की। मुम्बई के मालिनी किशोर संघवी कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड इकोनॉमिक्स से अपनी स्नातक की पढ़ाई पूरी की। अपने स्कूल और कॉलेज के समय से ही वह अभिनय की दुनिया में आ गयी। उनका पहला शो 'जय मां विंध्यवासिनी' (धारावाहिक) बिग मैजिक चैनल पर प्रसारित हुआ था जिसमें गुंजन की भूमिका में आसमा नज़र आई थीं। वह 'रंग ए इश्क, कोई साथ है' जैसी हिंदी फिल्मों और शुभरात्रि, इश्क किल, कनीज़ जैसी वेब सीरीज में नजर आ चुकी हैं। इसके बाद सिलसिला आरम्भ हुआ साउथ की फिल्मों का। इन्होंने तेलगु फिल्म 'आर आर टेम्पट राजा' में काम किया है।

चैनल वी पर प्रसारित धारावाहिक 'सुरवीन गूगल' से अदाकारा आसमा सैयद अपने कैरियर की शुरुआत की परंतु चर्चा में आई ऑल्ट बालाजी के वेबसीरीज़ 'गंदी बात' में मुख्य भूमिका निभाने के बाद, फिर तो आसमा सैयद ने कभी पीछे मुड़ कर नहीं देखा। आसमा अपने काम के प्रति बेहद जुनूनी शख्सियत है। आसमा का मानना है कि हमें पूरी शिद्दत से अपने काम पर ध्यान देना चाहिए उसका अच्छा प्रतिफल अवश्य मिलेगा। वह पुरस्कार से ज्यादा काम को अहमियत देती है। मुंबई में जन्मी अदाकारा आसमा सैयद बहुमुखी प्रतिभा की धनी है। वह खेलकूद, नृत्य, अभिनय या कला से जुड़ी हर विधा में पारंगत है। इन्हें आसमा अली के नाम से भी जाना जाता है।

इनकी आगामी तेलगु फिल्म रागी रेकू है। इनकी तेलगु फिल्म कर्ण और प्लेसिबो जल्द आने वाली है, इन दोनों फिल्मों में आसामा मुख्य भूमिका में है। आसामा ने हिंदी फिल्म और टीवी इंडस्ट्री में कई नामी लोगों के साथ काम किया है साथ ही दक्षिण भारतीय फिल्मों के कई नामी हस्तियों पोसानी कृष्णा मुरली, दिल रमेश, तनिश अल्लादी, बॉबी, नोकाराजू, श्यामला आदि के साथ इन्होंने काम किया है। साउथ की फिल्मों में धमाल मचाने के बाद अब अदाकारा आसमा सैयद बॉलीवुड की फिल्मों के तरफ ज्यादा ध्यान दे रही हैं। बहुत जल्द ही एक बड़े बैनर की फिल्म की घोषणा होने वाली है जिसमें आसमा मुख्य भूमिका में नज़र आएगी।

आसमा के पसंदीदा कलाकार प्रियंका चोपड़ा, माधुरी दीक्षित, श्रीदेवी, दीपिका पादुकोण, शाहरुख खान, ऋतिक रोशन और सलमान खान है। ब्रांड आइकन अवार्ड 2022 से वह सम्मानित हो चुकी हैं और कई अवार्ड शो के लिए नॉमिनेट भी हो चुकी हैं।धारावाहिक 'जिंदगी की महक' (जी. टीवी), यारों का टशन और उड़ान (कलर्स टीवी) धारावाहिकों में अलग अलग भूमिका निभा चुकी आसमा को फिलवक्त कई टेलीविजन चैनल और ओटीटी प्लेटफॉर्म के साथ साथ बॉलीवुड फिल्मों के लिए भी अनुबंधित किया जा चुका है।

# ऋतिक रोशन ने शूरू की फाइटर के तीसरे शेड्यूल की शूटिंग



अभिनेता ऋतिक रोशन मौजूदा वक्त में अपनी आगामी एक्शन फिल्म फाइटर को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं।

एक अंदरूनी सूत्र ने खुलासा किया, ऋतिक रोशन हैदराबाद में कुछ हाई ऑक्टेन एक्शन सीन की शूटिंग करेंगे और सुपरस्टार उसी के लिए तैयार हैं। बहुत कम बार वह बॉडी डबल का उपयोग करेंगे। फाइटर के अपने तीसरे शेड्यूल में दीपिका उनके साथ शामिल नहीं होंगी। उन्होंने अपने शूट काफी हद तक पूरे कर लिए हैं।

दीपिका और ऋतिक पहली बार एक साथ आ रहे हैं और उनके प्रशंसक इन दोनों की हॉट केमिस्ट्री देखने के लिए उत्साहित है। फाइटर के बारे में बात करते हुए सिद्धार्थ आनंद ने अपनी खुशी जाहिर की थी कि अब पठान की भारी सफलता के बाद उन्होंने एक बेंचमार्क सेट कर दिया है और ऋतिक की इस फिल्म को एक तरह की फिल्म कहा है क्योंकि एक्शन दृश्य वास्तविक होंगे और केवल कुछ वीएफएक्स ब्लॉक का उपयोग किया जाएगा।

यह पहली एरियल एक्शन फिल्म है और भारत में पहली बार इसे देखने के लिए प्रशंसक रोमांचित हैं। ऋतिक रोशन को आखिरी बार विक्रम वेधा में देखा गया था और आलोचकों और दर्शकों से बहुत प्यार और सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी, लेकिन फाइटर अलग है और यह बॉक्स ऑफिस पर आतिशबाजी करेगी। फाइटर भारत की पहली एरियल एक्शन फिल्म होगी। ऋतिक इसमें हवा में स्टंट करते नजर आएंगे। इस फिल्म को हिंदी समेत तमिल, तेलुगु और मलयालम भाषा में भी रिलीज किया जाएगा। फिल्म फाइटर का निर्माण वायकॉम 18 स्टूडियोज के बैनर तले ममता आनंद, रमन चिब्ब और अंकु पांडे कर रहे हैं। इस फिल्म के लिए ऋतिक और दीपिका पहली बार साथ आ रहे हैं। फिल्म में दोनों वायुसेना ऑफिसर की भूमिका में नजर आएंगे।

# अली फजल, जेरार्ड बटलर अभिनीत हॉलीवुड फिल्म कंधार 26 मई को होगी रिलीज

अली फजल हॉलीवुड फिल्म कंधार में सह-कलाकार जेरार्ड बटलर के साथ दिखाई देंगे। इस फिल्म को आखिरकार रिलीज डेट मिल गई है। यह 26 मई, 2023 को स्क्रीन पर आने के लिए पूरी तरह से तैयार है। पिछले साल डेथ ऑन द नाइल के बाद इस साल अली की यह पहली हॉलीवुड फिल्म होगी, जो रिलीज होने वाली है।

अली ने कहा- मैं बेहद एक्साइटिड हूं। जैसा कि मैं अपनी सभी फिल्मों को लेकर रहता हूं। मैं वादा कर सकता हूं कि फिल्म में एक्शन आर्ट स्टफ पहले कभी नहीं देखा होगा। रिक रोमन अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ रहे हैं। एक्टर ने कहा, टीम ने वास्तव में कड़ी मेहनत की है।

जेरार्ड के साथ काम करना मेरे लिए बहुत खुशी की बात है और चूंकि यह दुनिया भर में रिलीज हो रही है, हम उम्मीद कर रहे हैं कि दुनिया भर के लोग इसका आनंद लेंगे।

# पतली कमर चाहते हैं तो वर्कआउट में शामिल करें ये 5 ट्विस्ट एक्सरसाइज



कमर के आस-पास जमा अतिरिक्त चर्बी कम करने के तरीके खोज रहे हैं तो अपनी दिनचर्या में कम कैलोरी युक्त खाद्य पदार्थों के साथ-साथ ट्विस्ट एक्सरसाइज जरूर शामिल करें। ट्विस्ट एक्सरसाइज कमर की कैलोरी को तेजी से जलाने और कोर की मांसपेशियों को मजबूती देने में मदद कर सकती हैं। इसके अतिरिक्त इनसे आकर्षक एब्स भी बन सकते हैं। आइए आज हम आपको 5 ट्विस्ट एक्सरसाइज के बारे में बताते हैं।

## रशियन ट्विस्ट

सबसे पहले जमीन पर बैठकर पैरों को सामने की ओर खोले और शरीर को सिट-अप की मुद्रा में लाएं। अब पैरों को जमीन से लगभग 6 इंच ऊपर उठाएं और घुटनों को मोड़ें। इसके बाद पेट के सामने दोनों हाथों से मेडिसिन बॉल रखें और अपनी कोहनियों को मोड़ें। पीठ को सीधा रखते हुए मेडिसिन बॉल पकड़कर सबसे पहले बाईं ओर लाएं और फिर से दाईं ओर ले जाएं। इस तरह से एक रेप्स होगा। ऐसे ही 15-20 रेप्स करें।

## क्रिस क्रॉस

सबसे पहले पीठ के बल लेटकर पैरों को ऊपर उठाएं। अब दोनों हाथों को सिर के पीछे रखते हुए सिर और कंधों को ऊपर उठाएं। इसके बाद दाएं पैर को फैलाएं और साथ ही शरीर के ऊपरी हिस्से को बाईं ओर मोड़ते हुए प्रारंभिक स्थिति में वापस आएं। अब बाएं पैर को फैलाकर शरीर के ऊपरी हिस्से को दाईं ओर मोड़ें और बाएं कोहनी को दाएं घुटने से छूने की कोशिश करें। इसी तरह 10-12 रेप्स करने का प्रयास करें।

## ट्विस्टेड नी प्लैंक

इस एक्सरसाइज को करने के लिए सबसे पहले अपने शरीर को हाई प्लैंक अवस्था में रखें। अब दाहिने तरह के कूल्हे को फर्श की ओर लाएं और अब सेंटर की तरफ वापस लौट जाएं। इसके बाद दाईं कोहनी की ओर बाएं घुटने को खींचे। अब इस अवस्था में कुछ देर के लिए रहें, फिर धीरे-धीरे सामान्य प्लैंक की अवस्था में आ जाएं। अंत में बाई कोहनी की ओर दाएं घुटने को लाएं। इस एक्सरसाइज को 20-30 सेकंड तक दोहराएं।

## रोटेटर डिस्क ट्विस्ट

इसके लिए सबसे पहले रोटेटर डिस्क को जमीन पर रखें। अब उस पर पैर रखें और घुटनों को थोड़ा मोड़ते हुए हाथों की मुट्ठियां बनाकर उन्हें अपनी छाती के करीब लाएं। यदि आप असंतुलित महसूस कर रहे हैं तो कुर्सी या दीवार के पिछले हिस्से को पकड़ें। इसके बाद पैरों को पहले दाईं ओर फिर बाईं ओर घुमाएं। ऐसे एक रेप्स होगा। इसी तरह एक्सरसाइज के 10-15 रेप्स करें।

## माउंटेन क्लाइंबर

माउंटेन क्लाइंबर एक्सरसाइज के लिए पहले जमीन पर घुटनों के बल बैठें और फिर दोनों हथेलियों को जमीन पर रखें। अब दोनों पैरों को पीछे की ओर सीधा कर लें। इसके बाद दाएं पैर के घुटने को मोड़ें और इसे छाती की ओर लाएं। इसके बाद इसे सीधा करें। जब आप दाएं पैर को सीधा करें तो बाएं पैर के घुटने को छाती की ओर लाएं। ऐसे एक रेप्स पूरा होगा और इसी तरह 15 से 20 रेप्स पूरे करें।

# थाई हाई स्लिट में टोंड लेग्स फ्लॉन्ट करती नजर आई चित्रांगदा सिंह, तस्वीरों को देखकर फैंस हुए बेताब



एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह अपनी बोल्डनेस से सोशल मीडिया का पारा हाई किए रहती हैं। उनकी कातिलाना तस्वीरें देखकर फैंस अक्सर बेकरार बने रहते हैं। वहीं, चित्रांगदा सिंह की फिटनेस इस तरह कमाल की है कि 46 साल की उम्र में भी वो काफी हॉट लग रही हैं। ब्लू कलर की थाई हाई स्लिट में चित्रांगदा सिंह गजब की बला लग रही हैं, उनकी तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। 46 साल की एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह ब्लू कलर की ड्रेस में अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से बेहद बोल्ड फोटोज शेयर कर फैंस के दिलों की धड़कनों को बढ़ा रखा है। कर्ल हेयर स्टाइल और मिनिमल मेकअप में एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह बेहद सेक्सी पोज देते नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह के बोल्ड अवतार में देखकर फैंस चित्रांगदा के दीवाने हो चुके हैं। साथ ही कमेंट बॉक्स में हमेशा की तरह फायर इमोजी और रेड हार्ट की बौछार कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह अपने निजी और प्रोफेशनल पलों को साझा करती रहती हैं। अगर चित्रांगदा के वर्कफ्रंट की बात करें तो चित्रांगदा जल्द ही सारा अली खान और विक्रांत मैसी के साथ गैसलाइट में दिखाई देंगी। चित्रांगदा को आखिरी बार अमेजॉन प्राइम की मॉडर्न लव मुंबई वेब सीरीज में देखा गया था। चित्रांगदा सिंह अपने स्टाइल स्टेटमेंट और अपने लुक के लिए जानी जाती हैं।

# काजल अग्रवाल ने शुरू की इंडियन 2 की शूटिंग



साउथ एक्ट्रेस काजल अग्रवाल एक बार फिर चर्चा का विषय बन चुकी है। बीते वर्ष वह एक बेटे की मां बनी थीं। अब मैटरनिटी ब्रेक के उपरांत वह अपने काम पर वापस आ चुकी हैं। दरअसल, काजल अब कमल हासन की मूवी इंडियन 2 में दिखाई देने वाली है। उन्होंने मूवी की शूटिंग भी शुरू कर दी है। एक्ट्रेस ने अपनी एक फोटो साझा करते हुए इस बात की सूचना भी दी है। खबरों का कहना है कि काजल ने ट्विटर पर फिल्म के सेट से एक तस्वीर भी शेयर की है। हालांकि, उन्होंने फिल्म में अपने लुक का खुलासा नहीं किया। फोटोज में काजल ने अपने चेहरे को इमोजी की सहायता से छुपा लिया है। उन्होंने यह सूचना दी है कि वह इंडियन 2 की शूटिंग शुरू भी कर दिया है। कैप्शन में उन्होंने इंडियन 2 का हैशटैग लगा दिया है। बता दें कि काजल अग्रवाल मदरहुड का आनंद ले रही थीं। वह अपने परिवार और बच्चे के पालन-पोषण में व्यस्त थीं। अब दो वर्ष के उपरांत वह कमल हासन की फिल्म इंडियन 2 में काम करने वाली है। जिसके पूर्व इंडियन 2 में अपनी भूमिका के लिए उन्होंने घुड़सवारी भी करती हुई दिखाई दी। घुड़सवारी का वीडियो फैंस के साथ शेयर करते हुए उन्होंने लंबे वक्त के बाद काम पर वापसी को लेकर लंबा नोट भी लिखा था। उन्होंने नोट में कहा था कि वह इंडियन 2 में काम करने को लेकर बहुत खुश और उत्साहित हैं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर



### भिलाई के युवा शिखर श्रीवास्तव ने क्रिमिनल लॉ में प्राप्त किया गोल्ड मेडल

**भिलाई।** बीएसपी के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र के वरिष्ठ प्रबंधक (प्रशासन), श्री बी के श्रीवास्तव और छत्तीसगढ़ शासन में वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमति सुनीता श्रीवास्तव के सुपुत्र भिलाई शहर के युवा विधि स्नातक श्री शिखर श्रीवास्तव ने मास्टर इन लॉ (एलएलएम) में असाधारण अकादमिक प्रदर्शन के लिए एमिटी विश्वविद्यालय से आपराधिक कानून (क्रिमिनल लॉ) में स्वर्ण पदक और 'अकादमिक प्रदर्शन में प्रथम' स्थान प्राप्त कर भिलाई का नाम रौषन किया है।

विदित हो कि श्री शिखर श्रीवास्तव ने डीपीएस, भिलाई से अपनी स्कूली शिक्षा पूर्ण कर हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय रायपुर से स्नातक की डिग्री प्राप्त की हैं। उन्होंने पहले छत्तीसगढ़ सरकार में विशेषज्ञ के रूप में और एनटीपीसी इंडिया की सहायक कंपनी टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड में विधि अधिकारी के रूप में काम किया है।

विश्वविद्यालय के खरोरा परिसर में आयोजित वार्षिक दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। एल एंड टी के ग्रुप लीगल सलाहकार श्री हेमंत कुमार ने पदक और प्रमाण पत्र सौंपकर षिखर का सम्मान किया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कुलाधिपति डॉ डब्ल्यू सेल्वामूर्ति, कुलपति श्री पाण्डेय एवं चेयरमेन, डॉ असीम चैहान उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉ डब्ल्यू सेल्वामूर्ति ने अपने उद्बोधन में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए पदक विजेताओं को बधाई दी और छात्रों को उनके भविष्य के प्रयासों में सफलता की कामना की।

### समाज को तनाव मुक्त कराने लिनेस क्लब भिलाई ने कराई वर्कशॉप

**भिलाई।** आज के इस दूसरों को पीछे छोड़ आगे बढ़ने के माहौल में समाज तनाव से भरा जा रहा है। जैसा क्लीनर्स लब भिलाई के अध्यक्ष सविता श्रीवास्तव जी ने बताया कि आज समाज में बच्चों बुजुर्गों और सभी वर्गों के लोगों को किसी ना किसी तरह का तनाव तो रहता ही है और किसी तनाव को दूर करने के बारे में हम लोगों का एक प्रयास यह रहता है कि हमारी प्रोजेक्ट प्रमोटर्स लिनेस जया त्रिवेदी ने डॉ सोनिया पारियल के द्वारा क्या मैं तनाव में हूं या मैं उदास हूं। इस विषय पर एक वर्कशॉप कराई। जिसमें हमारे क्लब की डि. प्रेसिडेंट लीनस सोनाली ओसवाल, लि. मृदुला रोजेदार लि. सरोज कोटाडिया नेताजी नूतन गंधोक, जयंती शर्मा, सीमा यादव, सुषमा उपाध्याय, नंदिनी हिवसे, सीमा कुखरानियाजी, कल्पना श्रीवास्तव अन्य क्लब मेंबर्स सियान सदन के सदस्य व नर्सिंग कॉलेज के बच्चों ने उपस्थित होकर इसका लाभ उठाया। और सोनिया के द्वारा बताई गई बातों को ध्यान में रखते हुए अपने तनाव को कम करने का प्रयास सभी अवश्य करेंगे। और यह हमारा बच्चों बुजुर्गों और सभी लोगों को तनाव से दूर करने का एक छोटा सा प्रयास है।

#### अंधियारे जीवन को मिला उजियारा

# 223 मरीजों का सफल आपरेशन, दोनों आंखों में मोतियाबिंद से उपजे अंधत्व से मिली मुक्ति





श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** दोनों आंखों में मोतियाबंद से उपजे अंधत्व को दूर करने में धमतरी जिले ने कामयाबी हासिल कर ली है। धमतरी में अप्रैल-2022 में सर्वेक्षण के दौरान मिले दोनों आंखों में मोतियाबिंद वाले 223 मरीजों का जिला अस्पताल में सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया है। अब ये लोग अपनी आंखों से दुनिया देख पा रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग ने दोनों आंखों में मोतियाबिंद से प्रभावित मरीजों की आंखों की रोशनी लौटाने हर जिले में सर्वे कराकर ऐसे मरीजों को चिन्हांकित किया था। दोनों आंखों में मोतियाबिंद हो जाने से मरीज को तीन मीटर से अधिक दूरी का ऑब्जेक्ट दिखाई नहीं देता। यह एक तरह के अंधत्व की स्थिति है जिसके चलते मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। धमतरी जिले में दोनों आंखों में मोतियाबिंद वाले 223 मरीजों का ऑपरेशन किया गया है, ताकि उन्हें कम से एक आंख से दिखाई दे और वे सामान्य लोगों की तरह जीवन-यापन कर सकें।

अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम के धमतरी जिले के नोडल अधिकारी डॉ. जे.एस. खालसा ने बताया कि मोतियाबिंद उम्र के साथ होने वाली बीमारी है जिसके कारण मरीज की आंखों की दृश्यमानता कम हो जाती है और धुंधला दिखाई देने लगता है। उन्होंने बताया कि यह उपचार योग्य होता है, जिसे 10-15 मिनट के ऑपरेशन से ठीक किया जाना संभव है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांवों एवं शहरों में सघन सर्वे कराकर दोनों आंखों में मोतियाबिंद वाले मरीजों का चिन्हांकन कर ऑपरेशन कराया गया। ऑपरेशन के बाद ये अपनी आंख की ज्योति वापस पा चुके हैं और सामान्य लोगों की तरह जीवन-यापन कर रहे हैं।

डॉ. खालसा ने बताया कि धमतरी जिला अस्पताल में अप्रैल-2022 से अब तक मोतियाबिंद के तीन हजार 350 मरीजों का सफल ऑपरेशन किया गया है। जिला चिकित्सालय के साथ-साथ निजी अस्पतालों में भी अब तक किए गए ऑपरेशन से पिछले एक साल में पांच हजार मरीजों की आंखों की रोशनी लौटाई गई है। स्वास्थ्य विभाग की लगातार कोशिशों के परिणामस्वरूप धमतरी जिले में दोनों आंखों के मोतियाबिंद से हुए अंधत्व की स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया है।

## एशिया मिक्सड चैंपियनशिप भारतीय टीम ने जीता कांस्य, विजेता टीम में रायपुर रेल मंडल का खिलाड़ी ईशान भटनागर भी शामिल



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भारत ने बैडमिंटन एशिया मिक्स्ड चैंपियनशिप 2023 में अपना पहला पदक हासिल करके इतिहास रच दिया। भारत पहली बार इस चैंपियनशिप के सेमीफायनल तक पहुंचा तथा कांस्य पदक हासिल किया। एशिया मिक्स चैंपियनशिप दुबई 2023 का तीसरा संस्करण फरवरी 2023 में आयोजित किया गया। यह एशिया में सर्वश्रेष्ठ मिक्स्ड नेशनल बैडमिंटन टीमों की ताजपोशी के लिए एक महाद्वीपीय बैडमिंटन टूर्नामेंट है। इस जीत के साथ भारत ने सुदीरमन कप 2023 में सीधा प्रवेश किया है जो इस साल के अंत में चीन में आयोजित किया जाएगा।

खासबात यह है कि विजेता भारतीय टीम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ी ईशान भटनागर भी शामिल हैं। ईशान रायपुर रेल मंडल में टिकट कलेक्टर सह कामर्शियल क्लर्क के पद पर कार्यरत हैं। इन्होंने मिक्स्ड डबल मैच में गोवा की तनिशा क्रासटो की जोड़ी के साथ खेलते हुए संयुक्त अरब अमीरात के भरथ तथा नायोनिका की जोड़ी पर विजय हासिल किया।

भारत की इस जीत में ईशान भटनागर का महत्वपूर्ण योगदान है। जिसके कारण भारत पहली बार इस चैम्पियनशिप में किसी भी पदक को जीतने में सफल रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे परिवार के सभी सदस्य ईशान की इस उपलब्धि पर गौरवान्वित हैं। महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे तथा मंडल रेल प्रबंधक रायपुर ने ईशान को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में और भी अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया है।

#### रत्नावली कौशल बैठक में शामिल होने दिल्ली रवाना

# शीर्ष नेताओं को प्रदेश में चलाई जा रही योजनाओं के नतीजों से कराएंगी अवगत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छग शासन सदस्य एवं महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव रत्नावली कौशल महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेटा डिसूजा के बुलावे पर नई दिल्ली के लिए रवाना हो गई हैं।

हिन्द सेना महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष रत्नावली कौशल ने बताया कि अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री नेटा डिसूजा ने गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी ने विशेष तौर पर देशभर की चुनिंदा 26 महिला कांग्रेस नेत्रियों को गुजरात अलग-अलग लोकसभा क्षेत्रों के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया था, जिनकी बैठक दिल्ली में आहूत की गई है।



रत्नावली कौशल को गुजरात विधानसभा के चुनावों में अहमदाबाद पश्चिम लोकसभा क्षेत्र के लिए मुख्य पर्यवेक्षक बनाया गया था। रत्नावली कौशल ने महिला कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व द्वारा सौंपे गए दायित्व का बखूबी निर्वहन करते हुए कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में कड़ी मेहनत की थी। अहमदाबाद लोकसभा क्षेत्र की विधानसभा सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों को आशातीत वोट हासिल हुए थे।

रत्नावली कौशल ने बताया कि सुश्री डिसूजा ने उनके समेत सभी 26 चुनिंदा पर्यवेक्षकों की बैठक 2 मार्च को सुबह 11 बजे अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी के नई दिल्ली स्थित कार्यालय में रखी है। इस बैठक में इन पर्यवेक्षकों के गुजरात विधानसभा चुनावों में परफॉरमेंस और उनके द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेश महासचिव रत्नावली कौशल ने महिला कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेटा डिसूजा के साथ ही अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के अनेक दिग्गज नेताओं से भेट कर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम एवं महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष फूलों देवी नेताम, महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष फूलों देवी नेताम के नेतृत्व में राज्य में तेजी से बढ़ रही कांग्रेस की लोकप्रियता, मुख्यमंत्री बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ की गरीब जनता, महिलाओं, अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों, अल्पसंख्यकों, पिछड़े वर्गों के कल्याण और समग्र उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं और इनके सकारात्मक नतीजों से अवगत कराएंगी।


रत्नावली कौशल इन नेताओं को महिला कांग्रेस की छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष फुलोदेवी नेताम के मार्गदर्शन और नेतृत्व में महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों द्वारा महिलाओं के उत्थान और कांग्रेस के हित में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की भी जानकारी देंगी।

# एसईसीएल गेवरा कोल माइंस में लगी भीषण आग हुआ भारी नुकसान, प्रबंधन पर उठ रहे सवाल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कोरबा में एसईसीएल गेवरा कोल माइंस के कोल स्टॉक में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। दमकल विभाग को देर से सूचना मिलने पर कोल इंडिया को भारी नुकसान होने की संभावना है। आरोप है कि प्रबंधन ने समय से जानकारी नहीं दी इसीलिए आग पर काबू पाने में देर लगी। दमकल विभाग को आग पर नियंत्राण पाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार एसईसीएल के



अधिकारी इस आग पर काबू पाने का प्रयास इसलिए नहीं कर रहे हैं क्योंकि उन्हें आग के कारण अनियमितता करने का अवसर मिल जाता है। इससे कोल इंडिया को भारी नुकसान होता है, लेकिन,दूसरी तरफ अधिकारियों को अपना सीआर बेहतर प्रदर्शित करने का अवसर मिल जाता है।


बता दें, कि एसईसीएल में आगजनी की कोई पहली घटना नहीं है। खदान में इससे पहले भी कोल स्टॉक पर आग लग चुकी है। जिससे प्रबंधन को नुकसान उठाना पड़ा है। इस संबंध में एसईसीएल के अधिकारियों से संपर्क करना चाहा लेकिन उनका मोबाइल बंद था इसके अलावा घटनास्थल पर मौजूद अधिकारियों ने इस संबंध में कुछ भी कहने से मना कर दिया।

विभागीय दमकल वाहन ने 4 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन, तब तक कोल स्टाक का काफी हिस्सा धू-धू कर जल चुका था। इससे पहले भी कुसमुंडा गेवरा दीपका और मानिकपुर कोयले में आग लग चुकी है। लेकिन कई बार समय रहते आग पर काबू पा लिया जाता है। इस बार गेवरा खदान के कोल स्टॉक में लगी आग पर ध्यान नहीं दिया गया जिसके चलते काफी कोयला जल चुका था।

## माँ शारदा सामर्थ्य चैरिटेबल ट्रस्ट करेगी विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। माँ शारदा सामर्थ्य चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा महिला दिवस पर समाजिक, शैक्षणिक, स्वच्छता, नषा उन्मूलन के क्षेत्र मे बेहतर कार्य करने वाली 36 महिलाओं का सम्मान किया जायेगा। छत्तीसगढ़ राज्य की ऐसी महिलायें जो समाज के प्रति अदभूत एवं ऐतिहासिक योगदान निरंतर रखती है, ऐसी ही नारी शक्ति को माँ शारदा सामर्थ्य चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 12 मार्च को सम्मानित किया जायेगा।



कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे सुश्री सरोज पाण्डे (राज्यसभा सांसद), डॉ. अभिषेक पल्लव (एसपी दुर्ग), थॉमस चोको (डीआईजी, एसएसबी), सतीश झाम्ब (उद्योगपति) प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम मे सम्मानित होने वाली महिलाओं का नाम 2 मार्च को चयन समिति द्वारा घोषित किया जाएगा। माँ शारदा सामर्थ्य चैरिटेबल ट्रस्ट एक ऐसी सामाजिक संस्था हैं जो ग्रामीण क्षेत्र की शिक्षा को बेहतर करने हेतु निरंतर प्रयासरत हैं। ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा निरंतर समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य किया जाता हैं। माँ शारदा सामर्थ्य चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य ने श्रमिक बस्ती, जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए निरंतर आवश्यकता की वस्तुएँ देकर मानव सेवा ही भगवान की सबसे बड़ी सेवा हैं, के भाव को चरितार्थ करती हैं।

# प्यार ने किया बेघर: बेटे ने लव मैरिज की तो ग्रामीणों ने पूरे परिवार को गांव से निकाला, पुलिस ने भी नहीं सुनीं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में एक लड़के के प्यार की सजा उसके पूरे परिवार को मिली है। ग्रामीणों ने परिवार के साथ मारपीट की और उनका सारा सामान घर के बाहर फेंक दिया। इसके बाद उन्हें गांव से निकाल दिया। साथ ही लड़के की हत्या कर टुकड़े कर देने की धमकी भी दी। घर से बेघर हुआ परिवार न्याय के लिए थाने पहुंचा, लेकिन वहां भी पुलिस ने उनकी नहीं सुनीं। इसके बाद परिवार ने अब जिला मुख्यालय पहुंच कलेक्टर-एसपी ने मदद की गुहार लगाई है। मामला लुंड्रा थाना क्षेत्र का है।



जानकारी के मुताबिक, ग्राम अगासी निवासी बृजमोहन अगरिया के पुत्र जगेश्वर का गांव की ही एक युवती से प्रेम प्रसंग लंबे समय से था। कुछ दिनों पहले दोनों प्रेमी घर से भाग गए और शादी कर ली। यह बात गांव के कुछ लोगों को नागवार गुजरी। आरोप है कि गांव के ही एक व्यक्ति ने इस मामले को लेकर लोगों को भड़काया और पंचायत बुलवाई। पंचायत में युवक के परिजनों को भी बुलाया गया। आरोप है कि पंचायत में गांव के ही इंजोर दास और उसके साथियों ने बदसलूकी की। उन्होंने बृजमोहन से उसके बेटे के बारे में पूछा।

ग्रामीणों को जब बृजमोहन अपने बेटे की जानकारी नहीं दे पाया तो नाराज इंजोर दास व अन्य लोगों ने उसे और उसके परिवार वाले को धकेलते हुए घर तक ले गए। फिर घर का सारा सामान बाहर निकालकर फेंक दिया और ताला लगा दिया। परिजनों का आरोप है कि इंजोर दास ने ग्रामीणों को यह शपथ भी दिलाई है कि कोई भी गांव का आदमी बृजमोहन व उसके परिजनों से कोई संबंध नहीं रखेगा। परिजनों का यह भी आरोप है कि जब वे अपनी फरियाद लेकर लुंड्रा थाना गए तो वहां पर मौजूद एक एसआई ने ने उन्हें वहां से भगा दिया।


**समाचार पत्र के स्वामित्व एवं अन्य विषयों से संबंधित विवरण**

**घोषणा पत्र**

(फार्म-4)

| | |
|---|---|
| 1.प्रकाशन स्थान | भिलाई |
| 2.प्रकाशन अवधि | सांध्य दैनिक |
| 3.मुद्रक का नाम | राजेश अग्रवाल |
| (क्या भारतीय नागरिक है?) | हां |
| पता | क्वा.नं. 18/बी, सड़क-24, सेक्टर-7 भिलाई, जिला दुर्ग(छ.ग.) |
| 4.प्रकाशक का नाम | राजेश अग्रवाल |
| (क्या भारतीय नागरिक है?) | हां |
| पता | क्वा.नं. 18/बी, सड़क-24, सेक्टर- 7, भिलाई, जिला दुर्ग(छ.ग.) |
| 5.संपादक का नाम | राजेश अग्रवाल |
| (क्या भारतीय नागरिक है?) | हां |
| पता | क्वा.नं. 18/बी, सड़क-24, सेक्टर-7 भिलाई, जिला दुर्ग(छ.ग.) |
| 6. उन व्यक्तियों के नाम पते जो समाचार पत्र के स्वामित्व हो तथा समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हो। | राजेश अग्रवाल क्वा.नं. 18/बी, सड़क-24, सेक्टर-7 भिलाई, जिला दुर्ग(छ.ग.) |

**मैं राजेश अग्रवाल घोषित करता हूँ कि उपरोक्त विवरण मेरी जानकारी तथा विश्वास के अनुसार सही है।**

दिनांक: 1 मार्च 2023

(राजेश अग्रवाल)
प्रकाशक के हस्ताक्षर























# घरेलू विवाद : छोटे भाई ने कर दी बड़े भाई की हत्या, चंद घंटों में गिरफ्तार हुआ आरोपी भाई

- मोहन नगर थाना क्षेत्र के शंकर नगर की घटना, सलिबट्टा पटककर कर दी हत्या

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** मोहन नगर थाना क्षेत्र के शंकर नगर में मंगलवार को छोटे भाई ने बड़े भाई की सिलबट्टा से मारकर हत्या कर दी। आरोपी इंजीनियर है और घरेलू विवाद के कारण उसने इतना बड़ा कदम उठाया। घटना मंगलवार शाम 4 बजे के आसपास की है। घटना में गंभीर रूप से घायल बड़े भाई को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हत्याकांड की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने चंद घंटों में ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



मोहन नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक वार्ड 11 शंकर नगर गली नंबर 4 निवासी कोमल सिंह भदौरिया के तीन बेटे हैं। इसमें बड़ा बेटा विश्वजीत सिंह उर्फ गोली, मंझला विनय सिंह उर्फचिन और छोटा बेटा विवेक सिंह हैं। तीनों अपने परिवार के साथ एक ही मकान में रहते हैं। बताया जा रहा है कि विश्वजीत व विनय में घरेलू विवाद चल रहा था।

### इंजीनियर की नौकरी छोड़ घर पर रह रहा था आरोपी



पुलिस की पूछताछ में पता चला कि आरोपी विनय भदौरिया इंजीनियरिंग किया हुआ है। इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के बाद वो बाहर जॉब भी कर रहा था। कोविड संक्रमण के दौरान वो जॉब छोड़कर घर आ गया, और फ़िर वापस नहीं गया। घर वाले उसे कहते तो वो उनसे झगड़ा करने लगता। घर में अकेले रहते-रहते उसकी मानसिक स्थिति खराब होने लगी थी। इससे वो अपने भाइयों से किसी न किसी बात को लेकर विवाद करने लगा था। सोमवार रात भी उसने अपने बड़े भाइयों से झगड़ा किया, जिससे उन्होंने उसे मारा पीटा था।

मंगलवार देर शाम विश्वजीत अपने काम से लौटकर खाना खाने घर आया। विश्वजीत अपने कमरे के अंदर घुसने लगा विनय ने उसके ऊपर पत्थर का सिलबट्टा पटक दिया। सिर में लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल एंबुलेंस बुलाकर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हत्या के बाद आरोपी फरार हो गया था। मोहन नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर चंद घंटों में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

विश्वजीत भदौरिया की मौत होने के बाद घर वालों ने मामले की सूचना मोहन नगर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने तुरंत विनय को गिरफ्तार कर थाने ले गई। वहीं एक अन्य टीम ने शव का पंचनामा करने के बाद उसे एंबुलेंस से पीएम के लिए भेजा।

## खास-खबर

### दुर्ग में पकड़ाए दिल्ली के गांजा तस्कर, 60 किलो गांजा के तीन तस्कर गिरफ्तार, जीआरपी की बड़ी कार्रवाई

**दुर्ग।** जीआरपी ने ट्रेन से हो रही गांजा तस्करी के मामले में बड़ी सफ्लता पाई है। दुर्ग रेलवे स्टेशन पर जीआरपी की एंटी क्राइम स्क्वॉड ने दिल्ली के तीन तस्करों को पकड़ा है। इनमें एक महिला भी शामिल है। तीनों बड़ी लग्जरी अटैचियों में भरकर यह गांजा ले जा रहे थे। सभी तस्कर ओड़िशा से गांजा लेकर दिल्ली में खपाने जा रहे थे। पुलिस इनके पास से 60 किलो गांजा कीमती 6 लाख रुपए बरामद किया है। तीनों के खिलाफजीआरपी द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

एसआरपी रेल रायपुर निर्देश से मुखबिर कि सूचना पर जीआरपी एंटी क्राइम टीम ने मंगलवार को दुर्ग रेलवे स्टेशन के प्लेटफ़ॉर्म नंबर 2 पर खड़ी समता एक्सप्रेस तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्करों में प्रवीण कुमार (46), पूजा सोनी उर्फ़ बेबी (35) व फ्हीम (39) शामिल हैं। सभी दिल्ली के रहने वाले हैं। इसके पास से 3 ट्राली जिसके अंदर 60 किलो गांजा भरकर रखा गया था उसे जब्त किया। जब्त गांजा की कीमत 6 लाख रुपए बताई जा रही है। इस पूरी कार्रवाई में एएसआई बीएन मिश्रा, आरक्षक लक्ष्मण गाईन, मन्नु प्रजापति, संतोष राठौर, राजा दुबे व सौरभ नागवंशी का विशेष योगदान रहा।

### छात्रा की आत्महत्या का मामला, दुबई का समीर कर रहा था छात्रा को परेशान, पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के टिकरापारा थाना क्षेत्र के बोरियाखुर्द आरडीए बिल्डिंग से कूदकर जिस नाबालिग छात्रा ने खुदकुशी की थी उस मामले में पुलिस को बड़ी सफ्लता मिली है। पुलिस ने इस मामले में दुबई निवासी मो समीर को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि मो समीन ने नाबालिग का इंस्टा में फेक आईडी बनाई और आपत्तिजनक तस्वीरे हासिल कर उसे वायरल करले की धमकी दे रहा था।

बता दें तीन दिन पहले बोरियाखुर्द आरडीए बिल्डिंग से छात्रा ने कूदकर खुदकुशी कर ली थी। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने हर पहलू पर जांच की। जांच में पता चला कि छात्रा की सोशल मीडिया के माध्यम से दुबई निवासी मो समीर से दोस्ती हुई थी। समीर ने छात्रा की कुछ आपत्तिजनक तस्वीरे हासिल कर ली थी जिससे वह नाबालिग छात्रा को परेशान कर रहा था। फोटो वायरल करने की धमकी देने के अलावा पिछले सप्ताह भर से वह छात्रा से गाली गलौच कर रहा था। इन सभी बातों से परेशान होकर छात्रा ने खुदकुशी कर ली। इस मामले में आरोपी मो समीर के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। मोबाइल की जांच कराई जा रही है और मृतक छात्रा के पीएम रिपोर्ट का भी पुलिस को इंतजार है। इसके बाद आरोपी के खिलाफअन्य धाराए जोड़ी जाएंगी।

## महादेव बुक के सरगना सद्दाम व उसके साथियों पर दर्ज हुआ धोखाधड़ी का केस

- दूसरे के नाम से खाता खुलवाया, पीड़ित पहुंचा थाने

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग पुलिस ने एक दिन पहले अंबिकापुर से महादेव बुक आईडी के 11 सटोरियों को गिरफ्तार किया था। सटोरियो का सरगना फ्रीद नगर सुपेला निवासी सद्दाम हुसैन के साथ सभी आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की। अब सद्दाम हुसैन व उसके साथियों के खिलाफ छावनी थाने में धोखाधड़ी का केस दर्ज हुआ है। दूसरे के नाम से खाता खुलवाकर ऑनलाइन सट्?टे में इस्तेमाल कर रहा था। प्रार्थी की शिकायत पर छावनी पुलिस ने धारा 420 भादवि एवं 4(क) जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

छावनी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अटल आवास क्वार्टर, बोगदा पुलिया कुरूद रोड निवासी प्रवीण वर्मा ने छावनी थाने में पहुंचगर शिकायत दर्ज कराई है। प्रार्थी ने बताया कि वह एक माह पहले पावर हाऊस अपने काम से आया था। इस दौरान उसकी मुलाकात सद्दाम हुसैन से हुई थी। सद्दाम ने



प्रवीण को सरकारी योजना का लाभ लेने के लिए एचडीएफसी बैंक शाखा सेलूद में खाता खुलवाने की बात कही। इसके लिए सद्दाम हुसैन ने प्रवीण को 1000 रुपए भी दिए।

प्रार्थी ने बताया कि खाता खुलवाने के बाद सद्दाम हुसैन ने न तो खाता नंबर बताया और न ही सरकारी योजना का लाभ दिलाया। कुछ दिनों बाद पता चला कि सद्दाम हुसैन मेरे बैंक खाते का इस्तेमाल अवैध रूप से आनलाईन सट्टा की रकम के लेनदेन के लिए कर रहा है। प्रार्थी ने यह भी बताया कि वर्तमान में बस स्टैण्ड अम्बिकापुर के पास छ्ष्ठ होम किराये के मकान में अपने अन्य 10-12 साथियों के साथ योजना बनाकर आनलाईन गेमिंग सट्टा का संचालन कर रहा है एवं मेरे उक्त खाता का दुरूपयोग पैसा के अवैध लेन देन में कर रहा है।

## बिलासपुर में मुर्गे पर हमला, थाने पहुंची महिला, कहा- पड़ोसी करना चाहता है हत्या

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में हैरान करने वाला एक मामला सामने आया है। यहां के रतनपुर थाने में पहुंची एक महिला ने पुलिस के सामने अपने मुर्गे की हत्या के प्रयास की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस भी परेशान है कि आखिर मुर्गे की हत्या के प्रयास का क्या मामला बनाएं। बहरहाल पुलिस ने महिला को समझाइश देकर भेजा है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

यह पूरा मामला बिलासपुर जिले के ग्राम सिल्दहा का है। यहां रहने वाली जानकीबाई बिंझवार अपने पति मालिक राम के साथ सोमवार को मुर्गे के साथ थाने पहुंच गई। महिला ने पुलिस को अपना मुर्गा दिखाते हुए पड़ोसी बुगल और दुर्गा पर उसके मुर्गे मारकर खाने के की फ़िराक में थे। इसके लिए दोनों ने उनका मुर्गा चुराया और उसे मारने का प्रयास कर रहे थे तभी महिला ने देख लिया और अपने मुर्गे को छुड़ाया। अब महिला चाहती है कि उसके पड़ोसियों पर कार्रवाई हो।

### मुर्गा चुराकर मारने का किया प्रयास

महिला ने थाने में बताया कि वह अपने घर पर ही देशी मुर्गा पालन करती है। मुर्गे इधर-उधर घूमते रहते हैं। इससे पहले भी पड़ोसी ने मुर्गा चुराकर मारने का प्रयास किया था। इसे लेकर पड़ोसियों के साथ विवाद भी हुआ था। इस पूरे मामले में रतनपुर थाना प्रभारी प्रसाद सिन्हा का कहना है कि महिला घायल मुर्गे को लेकर थाने में शिकायत करने पहुंची थी। महिला की शिकायत की जांच की जा रही है।

## ।। कार्यालय, नगर पालिक निगम, दुर्ग ।।

**नामांतरण सूचना विज्ञप्ति क्रमांक 40 वर्ष 2022-23**

**सर्व साधारण को सूचना दी जाती है कि छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 धारा 167 के अंतर्गत निम्नालिखित व्यक्तियों के उनके नाम के सामने भुमि/भवन स्वामित्व परिवर्तन हेतु आवेदन किया है।**

**संबंधित हित वाले व्यक्ति सूचना प्रकाशन के 15 दिनों के अंदर अपने आपत्ति लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। समयावधि के पश्चात् आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 952 | 952 | विनय कुमार फिलिप्स/स्व. विनोद कुमार फिलिप्स | कु. वासंती फिलिप्स/स्व. यशवंतराव फिलिप्स | वार्ड कं. 41 यशवंत निवास कुलाबाडी दुर्ग | आपसी बंटवारा नामा |
| 953 | 953 | शरद कुमार फिलिप्स/स्व. यशवंतराव फिलिप्स | कु. वासंती फिलिप्स/स्व. यशवंतराव फिलिप्स | वार्ड कं. 41 यशवंत निवास कुलाबाडी दुर्ग | आपसी बंटवारा नामा |
| 954 | 954 | संदीप अग्रवाल/स्व. शिव कुमार अग्रवाल | पुष्पालता बेवा/शिव कुमार अग्रवाल | वार्ड कं. 13 आर्य नगर दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 955 | 955 | अरविन्द कुमार फिलिप्स/स्व. यशवंतराव फिलिप्स | कु. वासंती फिलिप्स/स्व. यशवंतराव फिलिप्स | वार्ड कं. 40 सुराना कॉलेज वार्ड दुर्ग | आपसी बंटवारा नामा |
| 956 | 956 | विनय कुमार फिलिप्स, संजय फिलिप्स/स्व. विनोद कुमार फिलिप्स | कु. वासंती फिलिप्स/स्व. यशवंतराव फिलिप्स | वार्ड कं. 40 सुराना कॉलेज वार्ड दुर्ग | आपसी बंटवारा नामा |
| 956/A | 956/A | पुष्पलता द्विवेदी/कृष्ण चन्द्र द्विवेदी | रनेन्द्र घोष/स्व. रविन्द्र मोहन घोष | वार्ड कं. 21 तितुरडीह सिधिया नगर दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 957 | 957 | प्रवीण कुमार फिलिप्स/स्व. प्रमोद कुमार फिलिप्स | कु. वासंती फिलिप्स/स्व. यशवंतराव फिलिप्स | वार्ड कं. 40 सुराना कॉलेज वार्ड दुर्ग | आपसी बंटवारा नामा |
| 958 | 958 | एम.के.अंसारी/एच.एस.अंसारी | अंजना रावत/प्रकाश नारायण रावत | वार्ड कं. 51 खसरा नं. 222/1,2 प्लाट नं. -सी/25-26 स्ट्रीट नं. 4 बंशी विहार बोरसी दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 959 | 959 | पवित्र राऊत/युधिष्ठिर राऊत | राकेश जैन/गौतम जैन | वार्ड कं. 55 शॉप नं. सी-204 मेसर्स महालक्ष्मी मार्केट पुलगांव दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 963 | 963 | कु. वासंती फिलिप्स/स्व. यशवंतराव फिलिप्स | कु. वासंती फिलिप्स/स्व. यशवंतराव फिलिप्स | वार्ड कं. 41 यशवंत निवास कुलाबाडी दुर्ग | आपसी बंटवारा नामा |

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम
दुर्ग

## छात्राओं से अश्लील बातें करते हैं यहां के शिक्षक परिजनों के हंगामें के बाद तीन शिक्षक गिरफ्तार

- शिक्षकों की करतूत का पता चलते ही परिजन पहुंचे थाने
- कई माह से कर रहे थे छात्राओं को परेशान

श्रीकंचनपथ न्यूज



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में छात्राओं से गंदी हरकतें करने वाले तीन शिक्षकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन शिक्षकों पर आरोप है कि वे यहां की छात्राओं से अश्लील बातें करते हैं और उनसे मासिक धर्म व अंडर गारमेंट्स की बातें करते हैं। छात्राओं ने शुरू में इस पर ध्यान नहीं दिया लेकिन शिक्षकों की हरकतें दिन ब दिन बढ़ने लगी और छेड़छाड़ भी करने लगे। यहां तक की छात्राओं से मालिश भी कराते थे। छात्राओं का सब्र टूटा तो परिजनों को इसकी जानकारी दी गई। सोमवार रात को परिजन थाने पहुंचे और शिक्षकों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने रात में ही तीन शिक्षकों को गिरफ्तार कर लिया है।

यह पूरा मामला महासमुंद जिले के कोमाखान थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार यहां संचालित एक शासकीय प्राथमिक व मिडिल स्कूल का यह मामला है। पीडित छात्राओं ने अपने बयान में बताया कि प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला छुरीडबरी में पदस्थ शिक्षक आसकरण साहू, महेन्द्र बघेल और प्रमोद चन्द्राकर उनसे मासिक धर्म व अंत: वस्त्रों की बात करतें हैं। पोर्न वीडियो दिखाते हैं और मालिश भी कराते हैं। छात्राओं ने कई बार इसका विरोध भी किया लेकिन इन शिक्षकों की हरकतों में कोई कमी नहीं आई। तंग आकर छात्राओं ने परिजनों को इसकी जानकारी दी।

परिजनों को शिक्षकों की करतूत का पता चला तो सीधे थाने पहुंचे। यहां पर शिक्षकों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने पहले छात्राओं का बयान लिया और उसके बाद प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला छुरीडबरी में पदस्थ शिक्षक आसकरण साहू, महेन्द्र बघेल और प्रमोद चन्द्राकर को आईपीसी की धारा 292, 354, 34, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 8, 10 आईटीएक्ट की धारा 67(ए) अनुसूचित जाति-जनजाति अधिनियम की धारा 3(2)(वीए) के तहत अपराध दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने रात को ही तीनों शिक्षकों को गिरफ्तार कर लिया।


सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### बिना स्वीकृति अवकाश पर गए पटवारियों को नोटिस जारी

**दुर्ग।** जिले में कार्यरत 34 पटवारियों के द्वारा आज अवकाश हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था। एक साथ इतने पटवारी अवकाश में होने से राजस्व कार्यों में बाधा व आमजनों के कार्य रूकने की संभावना को देखते हुए एसडीएम श्री लक्ष्मण तिवारी द्वारा अवकाश स्वीकृत नहीं किया गया। एसडीएम दुर्ग द्वारा पटवारी कार्यालयों के निरीक्षण के दौरान पटवारी कार्यालय में अनुपस्थित पाए गए। सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तहत् शासकीय कर्तव्य के प्रति लापरवाही पाए जाने पर सभी 34 पटवारियों शो काज नोटिस जारी किया गया। 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### भिलाई निगम से चार कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त, दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं सहित सभागार में दी गई विदाई

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में 4 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भावभीनी विदाई सभागार में दी गई। इसके साथ ही सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य तथा दीर्घायु जीवन की कामना की गई। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में मीना मानकर आत्मज सीताराम मानकर डाटा एंट्री ऑपरेटर, यशवंत कुमार वैद्य आत्मज भाऊराव वैद्य फील्ड वर्कर, आन सिंह आत्मज बिशौहा सफाई कामगार तथा ईश्वर राव आत्मज अपन्ना राव सफाई कामगार शामिल है। भिलाई निगम में यह सभी कर्मचारी 62 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्त हुए हैं। महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने इनके अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की है। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र आदि देकर उनका सम्मान किया गया, इस अवसर पर सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के परिजन भी मौजूद रहे। विदाई समारोह में प्रमुख रूप से स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, बसंत देवांगन, संजय शर्मा, शरद दुबे, जय जैन आदि मौजूद रहे।

### अवैध निर्माण व अनाधिकृत विकास के नियमितीकरण के लिए नयापारा एवं बघेरा के लोगो ने शिविर का उठाया लाभ

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग सीमा क्षेत्र अंतर्गत अवैध निर्माण एवं अनाधिकृत विकास के लिए नयापारा चौक हनुमान मंदिर के निकट शिविर का आयोजन किया गया द्य शिविर के माध्यम से अनाधिकृत विकास और अवैध निर्माण के नियमितीकरण के लिए प्रथम दिन ही नया पारा के सैकड़ो लोगो ने आवेदन फॉर्म लेकर अवैध नियमितीकरण शिविर का लाभ उठाया। शिविर के दौरान भवन अधिकारी प्रकाशचंद थवानी, सहायक भवन अधिकारी गिरीश दिवान, सहायक भवन निरीक्षक विनोद माझी,योगेश सूरे व श्रीमती छामा शर्मा मौजूद रहें।नया पारा एवं बघेरा क्षेत्र से अवैध निर्माण एवं अनाधिकृत विकास के नियमितीकरण को लेकर आवेदन का संग्रहण किया जा रहा है। इसके लिए नया पारा क्षेत्र में शिविर में सैकड़ो लोगो को अनाधिकृत व अवैध निर्माण नियमितीकरण अपील आवेदन प्राप्त किये। इसके साथ ही अनाधिकृत विकास के नियमितीकरण के लिए पूछताछ करने लगभग सैकड़ो से अधिक लोग पहुँचे। पुराना बस स्टैंड के पास कल दिनाँक 1 मार्च 2023 दिन बुधवार को शिविर का आयोजन किया गया है।शिविर का समय सुबह 10:00 बजे से लेकर 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने अनधिकृत निर्माण को लेकर शिविर का ज्यादा से ज्यादा लोगो द्वारा लाभ उठाने की अपील की है।

# उत्पीड़न व शोषण को न करें सहन, बिना देर किए उठाए आवाज-डॉ. किरणमयी नायक

- **महिला आयोग संभाग स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न मास्टर ट्रेनर महिलाओं को करेंगे जागरूक**
- **केवल एक वाटसअप मैसेज कर दें या एक पत्र लिख दें तो भी महिला आयोग करेगा आपकी मदद**



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** महिलाएं और बालिकाएं अपने ऊपर होने वाले उत्पीड़न अथवा शोषण को बिल्कुल न सहे और इसके विरूद्ध अविलम्ब आवाज उठाएं। यदि किसी कारणवश वे महिला आयोग के कार्यालय नही आ पा रही है तो वे व्हाट्सएप पर मैसेज भी कर सकती हैं अथवा एक पत्र भी लिख सकती है। आयोग इन्हें संज्ञान में लेते हुए त्वरित कार्यवाही करेगा। महिला आयोग बीआईटी के सभागार की कार्यशाला में यह बात कही। महिला आयोग के कॉल सेंटर नम्बर 9098382225 पर यह मैसेज भेजा जा सकता है अथवा कॉल कर अपनी समस्या बताई जा सकती है।

डॉ. नायक ने कहा कि विगत दो सालों में दुर्ग संभाग अंतर्गत कुल 16 सुनवाई में 322 प्रकरणों में से कुल 133 प्रकरणों की सुनवाई की जा चुकी है। इस प्रकार पीड़ित महिलाओं को बड़ी राहत दी गई है। उन्होंने कहा कि महतारी न्याय रथ के माध्यम से आयोग द्वारा महिलाओं को उनके हितों के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। आयोग की अध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं को हमेशा अन्याय का प्रतिरोध करना चाहिए। इससे उनकी स्वतंत्रता और बढ़ेगी तथा कार्यक्षेत्र में निश्चिंत होकर कार्य कर सकेगी।

कार्यशाला को विधायक अरूण वोरा ने भी सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा को लेकर महिला आयोग महती भूमिका निभा रहा है, ऐसी कार्यशालाओं के माध्यम से महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ती है। आयोग द्वारा जो पहल बीते वर्षो में की गई है यह पहल महिला सुरक्षा के लिए नींव का पत्थर साबित हुई है। फोरेंसिक एक्सपर्ट डॉ. सुनंदा ढेंगे ने अपराध साक्ष्य संकलन व सुरक्षा के साथ उपस्थित प्रतिभागियों को इस विषय पर प्रकाश डालते हुए पुलिस वालों को महिला अपराध विवेचना संबंधी तथ्यों पर बारीकी से जानकारी दी, साथ ही अतिरिक्त जिला लोक अभियोजक सुश्री शमीम रहमान ने लैंगिक उत्पीडऩ व शोषण विषय पर सभी को जागरूक किये हैं। इस मौके पर आयोग के सदस्य डॉ. अनिता रावटे, रिसाली महापौर श्रीमती शशि सिन्हा एवं अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद थे।

#### वीडियोकॉल आदि के लिए रहे सतर्क

कार्यक्रम के वक्ता जावेद हुसैन साइबर सिक्योरेटी से संबंधित अपराधों से संबंधित बारीकियों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि मोबाईल के उपयोग के दौरान साइबर अपराधों की जानकारी नही होने पर न केवल निजी जानकारी के लीक होने का खतरा रहता है, अपितु आर्थिक धोखा धड़ी होने की भी आशंका बनी रहती है। ऐसे कोई एप डाउनलोड न करे जिसकी विश्वसनीयता के बारे में संदेह हो अथवा आपको ऐसा लगता है कि एप के माध्यम से आपकी निजी जानकारियां जुटाई जा रही है, जिससे आपकों सामाजिक एवं आर्थिक नुकसान होने की आशंका बनती है, तो ऐसा एप कतई डाउनलोड न करें। कभी-कभी आपसे अज्ञात लोगों के द्वारा लिंक शेयर करने कहा जाता है कभी ऐसा न करें।

#### विदेश जाने का कोई ऑफर दें तो रखे विशेष ध्यान

कार्यशाला में कबीरधाम जिले की एडिशनल एसपी श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे ने महिला सुरक्षा की चुनौतियों से संबंधित पक्षों से प्रतिभागियों को आगाह किया। प्रतिभागियों को बताया गया कि कभी-कभी प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से विदेश जाने अथवा दूसरे राज्यों में काम के लिए जाने के लिए प्रस्ताव महिलाओं के पास आते हैं। इनमें से कुछ प्लेसमेंट एजेंसियां फर्जी होती हैं और इनके पीछे उद्देश्य मानव तस्करी होता है। अत:एव स्थानीय प्रशासन से जानकारी लेकर वैध प्लेसमेंट संस्थाओं से ही संपर्क करें, ताकि मानव तस्करी से बचा जा सके।

#### वूमन एप अभिव्यक्ति की दी जानकारी

कार्यक्रम के वक्ता सुजाता दास ने कार्यशाला बताया गया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महिला सुरक्षा के लिए वूमन एप अभिव्यक्ति लांच की है। इसे सभी महिलाओं को अपने मोबाईल में इंस्टॉल करना चाहिए। इस एप में एसओएस का बटन दबाते ही यूजर के पास तुरंत पुलिस सहायता पहुंच जाती है। महिला सुरक्षा के लिए यह एप वरदान साबित हुआ है। इस एप को प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

## भिलाई शहर में बन रहा है बेहतरीन वेंडिंग जोन, महापौर एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने लिया जायजा



- **सड़क पर लगने वाले गुमटियां होंगी व्यवस्थित, आकर्षक लुक में आएगी नजर, नेहरू नगर जोन के 4 स्थानों में काम जारी**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत कई स्थानों में शानदार वेंडिंग जोन तैयार किए जा रहे हैं। आज इसकी तैयारियों का जायजा लेने के लिए महापौर नीरज पाल एवं निगमायुक्त रोहित व्यास अधिकारियों के साथ स्पॉट पर पहुंचे। इस दौरान जिलाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, सभापति गिरवर बंटी साहू, एमआईसी मेंबर संदीप निरकारी, पार्षद हरिओम तिवारी आदि भी मौजूद रहे। नेहरू नगर चौक के समीप वेंडिंग जोन तैयार हो चुका है जहां आसानी से दुकान संचालित किया जा रहा है।

नेहरू नगर चौक में दो स्थानों पर और वेंडिंग जोन बनाए जा रहे हैं, इसके लिए तैयारियां प्रारंभ हो चुकी है। प्लेटफार्म तैयार कर पेवर ब्लॉक लगाने का काम भी किया जा रहा है। इसके अलावा शिवाजी चौक तथा स्मृति नगर बाजार जाने वाली सड़क के किनारे भी वेंडिंग जोन तैयार किया जा रहा है। कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा ने भी वेंडिंग जोन को लेकर आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। इसी तारतम्य में भिलाई में इसको लेकर व्यापक रूप से कार्य किया जा रहा है। नेहरू नगर जोन क्षेत्र के अलावा सभी जोन क्षेत्रों में वेंडिंग जोन बनाया जा रहा है।

वेंडिंग जोन के माध्यम से सड़क किनारे लगे हुए गुमटियो को व्यवस्थित किया जाएगा। सुंदर प्लेटफार्म इसके लिए निगम के द्वारा दिया जा रहा है। एक समरूपता के तहत दुकान संचालित होंगे। लाइटिंग की भी अच्छी व्यवस्था रहेगी। लोग आसानी से इन दुकानों में खरीदारी कर पाएंगे। महापौर एवं आयुक्त ने वेंडिंग जोन को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी मौके पर दिए। वेंडिंग जोन के लिए सर्वे कार्य पूर्ण हो गया है। पुराने और पहले से दुकान लगाने वाले संचालकों को ही वेंडिंग जोन में मौका दिया जा रहा है, नए दुकान वेंडिंग जोन में नहीं लगाए जाएंगे।

वेंडिंग जोन के जरिए यातायात का दबाव भी काम होगा, वही भिलाई को एक सुव्यवस्थित मार्केट मिल पाएगा। जोन आयुक्त राजेंद्र नायक ने बताया कि नेहरू नगर जोन में 50 से अधिक गुमटियां व्यवस्थित हो जाएंगी। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा, सहायक अभियंता आलोक पसीने व उप अभियंता अर्पित बंजारे मौजूद रहे।

## डेढ़ करोड़ से अधिक की लागत से सड़क का डामरीकरण प्रारंभ, भूमिपूजन होते ही तत्काल शुरू हुआ काम

श्रीकंचनपथ न्यूज



भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत नेहरू नगर चौक से सूर्या मॉल तक के सड़क का डामरीकरण कार्य किया जाएगा। आज महापौर नीरज पाल ने भूमि पूजन कर कार्य को प्रारंभ कराया। इस दौरान निगम आयुक्त रोहित व्यास, जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, सभापति गिरवर बंटी साहू, महापौर परिषद के सदस्य संदीप निरंकारी, स्थानीय पार्षद चंदेश्वरी बांधे, पार्षद योगेश साहू एवं हरिओम तिवारी भी मौजूद रहे।

नेहरू नगर चौक से लेकर केपीएस चौक तक तथा केपीएस चौक से लेकर सूर्या मॉल चौक तक 2 फेस में डामरीकरण का कार्य किया जाएगा। महापौर ने जैसे ही भूमि पूजन किया वैसे ही डामरीकरण का कार्य शीघ्रता से प्रारंभ हो गया। डामरीकरण के लिए विभिन्न संसाधनों के साथ एजेंसी काम कर रही है। सड़क के दोनों तरफ का डामरीकरण होगा। नेहरू नगर चौक से केपीएस चौक तक के सड़क के लिए 78.76 लाख तथा केपीएस चौक से सूर्या मॉल चौक तक के लिए 76.46 लाख की लागत से बीटी रोड रिनुअल का काम किया जाएगा।


भिलाई निगम क्षेत्र में सड़कों को दुरुस्त करने के लिए डामरीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। नेहरू नगर चौक से सूर्या मॉल जाने वाली रोड में प्रतिदिन हजारों वाहनों का आवागमन होता है, एक प्रकार से यह सड़क व्यस्ततम मार्गो में से एक है, नेशनल हाईवे से लगी हुई यह सड़क नेहरू नगर होते हुए जुनवानी तथा अवंती बाई चौक जाने वाले सड़कों को जोड़ती है। सड़क के डामरीकरण हो जाने से दुर्घटनाओं की संभावनाएं कम हो जाएंगी, बारिश के दिनों में भी परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। सड़कों के दुरुस्ती करण की दिशा में भिलाई निगम तेजी से कार्य कर रहा है।

भिलाई की कई प्रमुख सड़कें दुरुस्त की जा चुकी है, जहां आसानी से लोग आवागमन कर पा रहे हैं, वही गड्ढों से भी लोगों को निजात मिल रहा है। भूमि पूजन के दौरान जोन आयुक्त राजेंद्र नायक, कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, सहायक अभियंता आलोक पसीने तथा उप अभियंता अर्पित बंजारे आदि मौजूद रहे।

## साई कॉलेज की बड़ी उपलब्धि, NAAC मूल्यांकन में मिला B++ ग्रेड

श्रीकंचनपथ न्यूज




**भिलाई।** साई कॉलेज , सेक्टर 6, भिलाई ने प्रथम साइकिल में NAAC मे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर B++ Grade, 2.89 CGPA के साथ प्राप्त किया। साई कॉलेज में NAAC द्वारा 22 एवं 23 फरवरी 2023 को NAAC पियर टीम के द्वारा कॉलेज का निरीक्षण कर कॉलेज के सभी पहलुओं का भौतिक सत्यापन कर उनका मूल्यांकन कर यह ग्रेड दिया है। टीम ने कॉलेज के द्वारा किए गए गुणवत्ता पूर्ण कार्यों एवं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण की प्रशंसा की और कॉलेज के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी के द्वारा भी कॉलेज के मैनेजमेंट एवं स्टाफको बधाई दी गई। NAAC के सफल ग्रेडिंग कार्य के पीछे IQAC कोऑर्डिनेटर डॉ ममता सिंह एवं सभी शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस सफलता हेतु कॉलेज के चेयरमैन जीएस सचदेव एवं डायरेक्टर हरमीत सचदेव द्वारा सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, प्राचार्य एवं स्टाफ को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

## मच्छर भगाने लगाए पौधें: मच्छर के स्त्रोत को खत्म करने नाला और तालाब के किनारे का होगा ट्रीटमेंट




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली।** जिला पायलट प्रोजेक्ट के तहत रिसाली निगम क्षेत्र में मच्छर को खत्म करने उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जाएगा। चरणबद्ध तरीके से न केवल पानी जमा वाले चिन्हित स्थानों का ट्रीटमेंट किया जाएगा, बल्कि मच्छर भगाने पौध रोपण करने नागरिकों को प्रेरित किया जाएगा। मंगलवार को आयुक्त आशीष देवांगन व सामान्य प्रशासन विभाग प्रभारी चन्द्रभान ठाकुर की उपस्थिति में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सीबीएस बंजारे ने सफाई सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया।

जिला मलेरिया अधिकारी ने पायलट प्रोजेक्ट के तहत चलने वाले मच्छर एवं लार्वा उन्मूलन कार्यक्रम को विस्तार से बताया। साथ ही सफाई सुपरवाइजरों को निर्देश दिए कि शीघ्र ही वे निगम क्षेत्र के तालाब और नाला को सूचीबद्ध करे। साथ ही ऐसे जगह को चिन्हित करे जहां पर पानी का ठहराव है। उन्होंने कहा कि नाला में जहां पानी ठहराव या झाड़ी है उसे पहले हटाए। पानी का निकासी नहीं होने पर उस स्थान पर लार्वा खाने वाली मछली छोड़े। डॉ. बंजारे ने कहा पानी ठहराव वाले स्थान पर मैलाथियान का छिड़काव करें। स्थान सूचीबद्ध होने से हम 7 दिवस के रोटेवेशन में अनिवार्य रूप से पहुंच सकते है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला महामारी विशेषज्ञ रितिका सोनवानी, डॉ. प्याम सिंह, राजेन्द्र डहरे, महेन्द्र कौशिक, विष्णु भूआर्य, विवेक कापरे समेत निगम के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी बृजेन्द्र परिहारी व गोपाल सिन्हा आदि उपस्थित थे।

#### पौधो से भगाए मच्छर

जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. बंजारे ने शोध का हवाला देते हुए बताया कि घरों में तुलसी, श्यामा तुलसी, पुदिना, दौना, अजवाइन, काली मिर्च, गेंदा, का पौध लगाने लोगों को प्रेरित करें। इन पौधों की खुशबु से मच्छर भाग जाते है। इस तरह तालाब किनारे ओडोमास, नीम, मुनगा, नीलगिरी, करन, कपूर का पौध रोपे।

#### जहां कचरा, वहां छिड़के मैलाथियान

प्रशिक्षण में बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग ऐसे जगहों को भी चिन्हित करें जहां पर कचरा का ढेर है। वहां पर हर सातवे दिन मैलाथियान का छिड़काव रोटेशन में करें।

#### संडे ड्राई डे

अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग निगम की संयुक्त टीम घरों में भी दस्तक देगी। इस दौरान मच्छर को खत्म करने के तरीकों की जानकारी दी जाएगी। वहीं प्रत्येक रविवार को घरों के कूलर, फ्रिज व गमले में भरे पानी को खाली करने नागरिकों को प्रेरित किया जाएगा। इसी तरह प्रत्येक बुधवार का दिन सरकारी भवनों में लगे कूलर व अन्य जगहों की सफाई निर्धारित किया गया है। दोनों दिन को ड्राई डे के रूप में मनाया जाएगा।

#### बरते सावधानी, नहीं तो जुर्माना

जिले में मच्छर को समूल नष्ट करने अभियान में लापरवाही पर जुर्माना वसूल किया जाएगा। डोर टू डोर सर्वे के दौरान घरों में मच्छर का लार्वा मिलने पर मौके पर ही एक हजार जुर्माना वसूला जाएगा। राशि बाद में जमा करने पर यह राशि बढ़कर 5 हजार हो जाएगी।

## रावघाट में स्थापित स्वास्थ्य केंद्रों तथा मोबाइल डिस्पेंसरी से हजारों आदिवासी परिवार हुए लाभान्वित

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने सुदुर रावघाट क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीण आदिवासी परिवारों को नि:षुल्क चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराकर एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। रावघाट क्षेत्र के भीतरी गांवों में रहने वाली अधिकांश जनजातीय आबादी तक चिकित्सा सुविधाओं की बहुत कम पहुंच है। रावघाट खदान क्षेत्र और उसके आसपास रहने वाले लोगों की बुनियादी चिकित्सा और स्वास्थ्य देखभाल की जरूरतों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए, सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने वर्ष 2009 से नियमित रूप से इस क्षेत्र में चिकित्सा का दल भेज रहा है। अब तक इस वनांचल क्षेत्र में बीएसपी द्वारा आयोजित 142 शिविरों से 57,600 से अधिक आदिवासी लाभान्वित हुए हैं। हजारों पैथोलॉजी और सिकल सेल परीक्षणों के अलावा, लगभग 9,900 चश्मे मुफ्त वितरित किए गए हैं और भिलाई के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय में गंभीर बीमारियों वाले 750 रोगियों को नि:षुल्क इलाज के लिए भेजा गया है।

रावघाट क्षेत्र के तीन स्वास्थ्य केन्द्रों के मध्याम से अब निर्बाध चिकित्सा सेवा उपलब्ध करायी जा रही है, जिसके लिये सेल-भिलाई ने चिकित्सक एवं पैरा मेडिकल स्टाफकी व्यवस्था की है। दंडकवन एवं अंतागढ़ स्वास्थ्य केन्द्रों के अलावा हाल ही में खोड़गाँव में एक नया एवं सर्वसुविधायुक्त स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित किया गया है जहाँ रामकृष्ण मिशन आश्रम, नारायणपुर के सहयोग से रोगियों का नि:शुल्क उपचार किया जा रहा है तथा पैथोलॉजी की जाँच की जाती है।

दण्डकवन स्वास्थ्य केन्द्र में वर्ष 2021-22 में नि:शुल्क चिकित्सा सेवा से 4029 आदिवासी लाभान्वित हो चुके हैं। वर्ष 2022-23 की अप्रैल से नवंबर अवधि के दौरान अब तक 2620 ग्रामीणों का उपचार कर नि:शुल्क दवाइयां दी जा चुकी हैं। 2014 से अर्धसैनिक बल (बीएसएफ) द्वारा संचालित दंडकवन स्वास्थ्य केंद्र भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा पूरी तरह से सहायता प्राप्त है। इस केन्द्र में संयंत्र मुफ्त दवा की व्यवस्था करता है, रोगियों और परिचारकों के रहने की व्यवस्था के लिए वित्तीय सहायता, महिला रोगियों की देखभाल के लिए नर्सिंग सहायक के प्रावधान के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950